तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 23.6 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, मंगलवार, 27 अगस्त 2024



12 जन्माष्टमी और मटकी फोड़ कार्यक्रम में पहुंचे विधायक



13 बेटियों पर अत्याचार को रोकने हम सबको खड़ा होना पड़ेगा: ताम्रकार



# मोटर पंप खराब, 6 महीने से बाजार चौक का शौचालय बंद, लोग परेशान

## दुर्ग निगम के अधिकारियों पर शिकायत का भी असर नहीं, वार्डवासी हो रहे आक्रोशित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

हरिभूमि सरोकार

बाजार चौक सिकोलभाठा का शौचालय पिछले करीब 6 महीने से बंद पड़ा है। मोटर पंप खराब होने के साथ से इसका मेंटेनेंस नहीं कराया गया। इसके कारण शौचालय में पानी की किल्लत शुरू हो गई। पानी के कहीं कोई इंतजाम नहीं किए गए। जबकि अधिकारियों को स्थानीय निवासियों और पार्षद द्वारा 7 बार से ज्यादा जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन मोटर पंप का मेंटेनेंस नहीं कराया गया है। इसके कारण लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। बता दें कि दुर्ग शहर को ओडीएफ यानी खुले में शौच मुक्त घोषित किया जा चुका है। लेकिन जमीन हकीकत यह है कि आज भी लोग रेलवे ट्रैक पर खुले में शौच जा रहे हैं। इसके चलते रेलवे ट्रैक के आसपास से खासी बदबू उठ रहे हैं। आसपास के रहवासी इस वजह से खासे परेशान हैं। शौचालय मालधक्का के करीब बनाया गया है। 20 सीटर इस शौचालय में 10 पुरुष और 10 महिलाओं को शौचालय हैं। स्थानीय लोगों ने निगम प्रशासन को चेतावनी दी है कि जल्द से जल्द यदि शौचालय में पानी के इंतजाम नहीं किए गए, तो लोगों को उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इसके लिए सारी जवाबदारी निगम प्रशासन की होगी।



### शौचालयों में नहीं हो रही नियमित सफाई

दुर्ग शहर के 60 वार्डों में 100 से ज्यादा सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण अलग-अलग योजनाओं में किया गया है। इन शौचालयों की देख-रेख आउट सोर्सिंग में दी गई है। ठेकेदारों द्वारा इसका बकाया शुल्क लोगों से लिया जाता है। महीने के हिसाब से शुल्क चार्ज किया जाता है। लेकिन सुविधाएं थोड़ी भी नहीं दी जा रही है। शौचालयों में नियमित रूप से ना सफाई हो रही है। ना ही दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है। पानी के भी पर्याप्त इंतजाम नहीं है। वार्डों के पार्षदों द्वारा लगातार इस विषय निगम महापौर और आयुक्त को अवगत कराया जा रहा है। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### शक्ति नगर व जयंती नगर के शौचालय का भी बुरा हाल

शहर के शक्ति नगर और जयंती नगर उरला में बनाए गए शौचालय का बुरा हाल है। सफाई नहीं होने से गंदगी के बीच लोगों को शौच के लिए जाना पड़ रहा है। यह समस्या लगातार कई दिनों से बनी हुई है। दोनों ही जगहों पर सरकारी आवासों का निर्माण किया गया है। जयंती नगर में विस्थापितों को बसाया गया है। वहीं शक्ति नगर के आंबेडकर आवास में गरीबों को मकान दिया गया है। उनके लिए अलग से शौचालयों का इंतजाम नहीं है। सार्वजनिक और सामूहिक शौचालयों के भरोसे ही इन लोगों को शौच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। दिक्कत होने की वजह से अब यहां के रहवासी खुले में शौच जाने मजबूर हैं।

## खबर संक्षेप

### वाहन और केबल चोर गिरफ्तार

**भिलाई।** वाहन चोरी करने वाले युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि स्टेशन पारा राजनांदगांव निवासी गुरतेज सिंह वाधवा ने शिकायत किया था कि 20 अगस्त को एक्टिवा को खड़ी कर होटल में नाश्ता कर रहा था। इस दौरान एक्टिवा को अज्ञात ने पार कर दिया। सूचना पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी रही। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अभिषेक रामटेके, आदित्य दास उर्फ शुक्ला, आकाश यादव, गोकुल देवराज को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरी करना स्वीकार किया।

### मोडिफाइड सायलेसर वाहनों पर कार्रवाई

**भिलाई।** मोडिफाइड साइलेंसर लगाने वाले 15 वाहन चालको के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई किया है। चालको के खिलाफ पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। रविवार को ट्रैफिक पुलिस ने सेक्टर क्षेत्र और सूर्या मॉल की ओर मोडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करवाहन चलाते युवक धरे गए।

### मानिकपुरी पनिका का तीज मिलन 1 को

**भिलाई।** रुआबांधा महिला इकाई द्वारा 1 सितम्बर दिन रविवार को सामाजिक भवन रुआबांधा में तीज मिलन महोत्सव का आयोजन किया गया है। इसमें दुर्ग, भिलाई, पाटन, धमधा के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के महिलाएं शामिल होंगी। आयोजन में सांसद विजय बघेल की पत्नी रजनी बघेल प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगी। इसके अलावा राष्ट्रपति पुरस्कृत छत्तीसगढ़ी लोक गायिका रजनी रजक, समाजसेविका प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव निलिमा राबिन विशेष रूप से मौजूद रहेंगी। साथ ही अन्य विशिष्ट महिलाओं को आमंत्रित किया गया है। इस आयोजन में समाज की महिलाओ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद एवं अनेक मनोरंज कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजकों ने समाज की महिलाओं से अपील की है।

## ठेका कंपनी सुरक्षा को लेकर बरत रही लापरवाही, हुआ समझौता

# बीएसपी में ठेका मजदूर की मौत मुआवजा को लेकर किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में सोमवार को मृत ठेका श्रमिक रामायण चौधरी के परिवार और ठेका कंपनी के बीच सोमवार को आखिरकार समझौता हो गया। इसके तहत पीम में मौत दुर्घटना से होने पर ठेकेदार आश्रित परिवार को मुआवजा देगा। चर्चा के दौरान इंटक आदि यूनियन पदाधिकारी व बीएसपी के औद्योगिक संबंध विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

आज मंगलवार को सेक्टर 9 के मच्युरी में मृतक श्रमिक के परिजनों और ठेका कंपनी एएसटी इंजीनियरिंग के बीच मुआवजा को लेकर विवाद हुआ। परिजन मौतको कार्यावधि में दुर्घटना से होना बताते हुए मुआवाज मांग रहे थे। इसके बाद सेक्टर 9 से मृतक श्रमिक को पोस्टमार्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री हॉस्पिटल सुपेला ले जाया गया। मृतक के हाथ में निशान को देखकर परिजन दुर्घटना की आशंका व्यक्त करने लगे और पोस्टमार्टम करने से मना कर दिया। परिजनों की मांग थी की ठेका कंपनी लिख कर दे कि अगर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह दुर्घटना बताए जाने पर परिवार को 25 लाख रुपए और उनकी बेटी के पढ़ाई का खर्चा दिया जाए और ईएसआई का यथावत लाभ दिया जाए।। इसके बाद मृतक मजदूर के परिवार ठेका कंपनी के बीच इन तीनों बिंदुओं पर समझौता हुआ। ठेका कंपनी के लिखित आश्वासन के बाद ही परिवार के लोग पोस्टमार्टम कराने को राजी हुआ । लेकिन शाम होने के कारण आज पोस्टमार्टम नहीं हो पाया और मृतक श्रमिक का शव सुपेला अस्पताल के मरचुरी में है।



### आज होगा पीएम व अंतिम संस्कार

मृत ठेका मजदूर का मंगलवार को पोस्टमार्टम बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। ठेका मजदूर रामायण चौधरी बिहारी मोल्ला कैंप दो की बीएसपी में कार्य के दौरान मृत्यु हो गई थी। आज चर्चा के दौरान मृत मजदूर की पत्नी गीता देवी चौधरी सहित परिजन और बीएसपी के सहायक महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध रोहित हरित तता वरिष्ठ प्रबंधक ठेका प्रकोष्ठ निवेश विजयन एएसटी पावर कंपनी के सुपरवाईजर, एचआर मैनेजर और इंटक यूनियन की ओर से पूरन वर्मा, संजय कुमार साहू, गुरुदेव साहू, जसबीर सिंह और परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### सुरक्षा के साथ नियमों पर हो सख्ती से अमल

भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका मजदूरों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसके साथ ही मुआवजा को लेकर हर बार होने वाले विवाद की समस्या भी लाइलाज होती जा रही है। यूनियनों के मुताबिक मामले में स्पष्ट पालिसी और नियम बनाने की जरुरत है। सोमवार को मृत ठेका मजदूर के परिवार व ठेका कंपनी के बीच मुआवाज को लेकर विवाद हुआ। इस तरह की यह पहली घटना नहीं है। मुआवजे को लेकर मृतक मजदूर के शव का कई दिनों तक अंतिम संस्कर नहीं होने व प्रदर्शन की कई घटनाएं हो चुकी हैं। नियमानुसार पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के बाद ही कारण दुर्घटना होने पर मुआवजा देय है। लेकिन अधितर मामलों में ठेकेदार बीमारी या हार्टअटैक मौत बताकर मुआवजे से कन्नी काटता है। यूनियनों का कहना है कि प्रबंधन को सुरक्षा के साथ स्पष्ट नीति व नियम पर सख्ती से अमल कराने की जरुरत है। क्योंकि प्रथम नियोक्ता बीएसपी है। हर बार विवाद और हंगामे के स्थिति नहीं बनना चाहिए।

# कांग्रेसियों ने युवक को पीटते थाने लेकर गए

## भाजपाइयों का जमकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- निगम महापौर, सभापति व पार्षद समेत कांग्रेसी पहुंचे थे जिम
- भिलाई-3 पुलिस कर रही जांच

पूर्व सीएम भूपेश बघेल के काफिले को रोक बजरंगियों ने सुरक्षा कर्मियों के साथ धक्का मुक्की करने का मामला तुल पकड़ते जा रहा है। कांग्रेसियों के शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर दिया। मगर आरोपियों की गिरफ्तारी तक नहीं हो रही थी। इसके बाद कांग्रेसियों ने एक बजरंगी को होटल से पकड़कर पीटते हुए थाने लेकर गई। इसे लेकर भाजपाई और हिन्दु संगठन के लोग ने थाने का घेराव कर दिया। घटना सोमवार की रात भिलाई तीन थाने की है। मिली जानकारी के मुताबिक बजरंग पारा भिलाई तीन स्थित जिम के भीतर नगर निगम महापौर निर्मल कोसरे, सभापति कृष्णा चंद्राकर, अभिषेक वर्मा, नजरुल खान, पप्पू वर्मा समेत अन्य कांग्रेसियों ने प्रवेश किया। जिम के भीतर चक्कर लगाकर चंद मिनटों में सभी जिम के बाहर निकल गए। इस दौरान बंगाली होटल में गांधी नगर भिलाई 3 निवासी अमित लखवानी बजरंगी बैठा मिला। आरोप है कि कांग्रेसियों ने अमित के साथ पिटाई करते हुए अपने वाहन में बिठाकर थाने छोड़ भाग निकले। प्रदर्शन करने वाले हिन्दु संगठन के लोगों की मांग है कि उक्त सभी कांग्रेसियों पर अपहरण की धारा के तहत जुर्म दर्ज किया जाए।

# जमीन बेचने कई लोगों से बयाना लिया, ठगी का केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जमीन की सौदेबाजी में धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। जांच के बाद दुर्ग कोतवाली पुलिस ने कादम्बरी नगर निवासी मनोहर ज्ञानचंदानी की शिकायत पर फूलझर सोमनी निवासी विजय उर्फ सुमेर के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया कि खसरा नंबर 159/3 रकबा 2 एकड़ टेडेसरा फुलझर मुख्य मार्ग स्थित जमीन का सौदा 20 मई 2023 को न्यायालय परिसर दुर्ग में 12 लाख रुपए में किया गया। बयाना 1,50,000 रुपये मनोहर ज्ञानचंदानी ने आरोपी विजय को दिया। इसके बाद आरोपी ने एक ही भूमि को दो अलग-अलग व्यक्तियों से विक्रय करार कर लिया। भूमि को बैंक में बंधक रखकर पैसे लेने पर एवं न्यायालय को भ्रमित कर डुप्लिकेट ऋण पुस्तिका बनाने की भी शिकायत सामने आई। आरोपी ने मनोहर ज्ञानचंदानी से 1 एकड़ भूमि जो कि टेडेसरा फूलझर मुख्य मार्ग में स्थित है, उसका सौदा किया था। विजय ने नागरिक सहकारी बैंक राजनांदगांव से ऋण लिया हुआ है। उक्त भूमि को राजनांदगांव निवासी संजय पिता स्व. टीपी शर्मा से भी विक्रय करार कर दो लाख रुपप बनाया ले रखा है। विजय ने भिलाई के ही एक अन्य व्यक्ति श्रीनू बाबू से भी उक्त भूमि के विक्रय के नाम पर 4.60 लाख रुपए लिए हैं।

### शव की नहीं हुई शिनाख्त

## ट्रेन से कटा युवक, घंटों ट्रैक पर पड़ी रही लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ट्रेन से कटकर युवक ने अपनी जान दी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। घटना सुपेला अंडरब्रिज के पास की है। जहां रेलवे ट्रैक पर घंटे लाश पड़ी रही। इस दौरान डाउन ट्रैक पर एक दर्जन से अधिक ट्रेनें युवक के शव के ऊपर से गुजर गई। मिली जानकारी के मुताबिक सुपेला अंडरब्रिज के ऊपर डाउन ट्रैक पर युवक पटरी पर सो गया। ट्रेन स्पीड से आई और युवक का शव दो भागो में बंट गया। घटना हुई तब कुछ महिलाएं भी खड़ी थी। उन्होंने ने बताया कि जैसे ही मालगाड़ी नजदीक पहुंची युवक ट्रैक पर लेट गया। युवक का शरीर दो भागों में कट गया। हादसे की सूचना जीआरपी और भिलाई भट्टी पुलिस दी गई। कई घंटो तक शव ट्रैक पर पड़ा रहा। उसे उठाने में पुलिस तक तुरंत नहीं पहुची थी। खबर लिखे जाने तक शव का शिनाख्त नहीं हो पाया था।

# दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



मनिहारी और आर्टिफिशियल शॉप में अचानक आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर फायर ब्रिगेड वाहन पहुचने पर मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक हुडको एमआइजी 1 मकान 929 मे स्थित शॉप में आग लग गई। आग लगने का कारण अभी अज्ञात है, शॉप बीते 24 सालों से यहां संचालित है। श्यामली भट्टाचार्य ने बताया सोमवार की दोपहर शॉप में भीषण आग लग गई। दुकान मे रखा करीब 20 लाख का सामान पूरी तरह जल गया। 3 बजे के करीब फायर ब्रिगेड का दमकल मौके पर पहुचा। आगजनी से दो आइसक्रीम के डीप फ्रिजर, गिफ्ट आइटम, चुड़ियां, सीसी टीवी कैमरा, बच्चों के खिलौने,कई कराकरी आइटम समेत फर्नीचर आग के चपेट में आया। मकान मालिक आनंद डहाके ने बताया की घर में रखा फर्नीचर भी पुरी तरह जलकर खाक हो गया। आस पास के लोगों की मदद से मकान का ताला तोड़ कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। सूचना पर मौके में वार्ड पार्षद सीजू एंथोनी ,शुभांकर मजुमदार, रणदीप बैनर्जी, जावेद खान, गोविंद अग्रवाल समेत पहुचे थे।

### देशी कट्टा दिखाकर धमकाते आरोपी पकड़ाया

**राजनांदगांव।** देशी कट्टा रखकर लोगों को डराने-धमकाने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी युवक को पकड़ा। आरोपी से देशी कट्टा बरामद कर कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ, सट्टा, अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार मुखबीर की सूचना के आधार पर 26 अगस्त को आरोपी रविकांत सोनी पिता मनोज सोनी 24 साल निवासी सृष्टि कालोनी गली नं. 1 राजनांदगांव का रहने वाला सृष्टि कालोनी रोड किनारे में एक लोहे देशी कट्टा को दिखाकर आने-जाने वाले लोगों को डराने-धमकाने पर उसके विरूद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायायिक रिमांड पर भेजा गया।

RSR RUNGTA COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
(Under The Aegis of Sanjay Rungta Group of Institutions)
Rungta Knowledge City, Kohka-Kurud Road, Bhilai (C.G.) - 490024
ADMISSION NOTIFICATION 2024-25
MANAGEMENT QUOTA
Admission Norms as Laid Down by AICTE/CGDTE/CSVTU, Bhilai
Diploma Course : ME, Civil, EE, AI&ML, Hotel Management.
U.G. Course : B.Tech. - CSE, ME, Civil, EE, AI&ML, ET&T, Data Science.
P.G. Course : MCA, MBA.
SPONSORED CATEGORY (EN-135)
M.Tech. - CSE, Production Eng., Power System & Control, Structural Eng., AI&ML.
Experience : 2 Years of work experience after graduation application form & details are available on www.rungtacolleges.com.
Contact : 9229 111 555, 9229 111 666
www.rungtacolleges.com PRINCIPAL

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

### पिछले 20 दिनों तक सामान्य से कम बारिश ने बढ़ाई चिंता

# सामान्य से 22 फीसदी कम बारिश अब तक 582.1 मिमी पानी गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जिले में मौसम की बेरूखी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जुलाई महीने के अंतिम हफ्ते और अगस्त की शुरुआत में हुई बारिश से किसानों ने राहत की सांस ली थी, लेकिन एक बार फिर उनकी चिंता बढ़ गई है। पिछले करीब 20 दिनों से सामान्य से कम बारिश हुई है। वर्तमान समय निंदाई का है, लेकिन खेत सूखे हुए हैं। ऐसे में निदाई में किसानों को खासी मुश्किलें उठानी पड़ रही है। उन्होंने शासन-प्रशासन से बांधों से पानी छोड़ने की मांग भी शुरू कर दी है। सबसे बुरी स्थिति धमधा और पाटन की है, जहां सामान्य से कम बारिश होने से किसानों को ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक अब तक जिले में 582.1 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है, जबकि अब तक 749.6 मिलीमीटर पानी गिरना था। इस प्रकार सामान्य से 22 प्रतिशत कम बारिश हुई है।



### धमधा में बूंदाबांदी, 2 मिमी पानी गिरा

सोमवार को पूरे दिन बादल छाए रहे। इस दौरान कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। दुर्ग और भिलाई में फुहारें पड़ी। धमधा में जरूर कुछ समय की बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक 2 मिलीमीटर पानी गिरा। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी दिनों में अच्छी बारिश की संभावना बन रही है। प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश शुरू भी हो चुकी है। आने वाले दिनों में दुर्ग में भी अच्छी बारिश हो सकती है। एक चक्रवाती घेरा सक्रिय हो रहा है, जिसके आगे बढ़ने के साथ और मजबूत होने की संभावना है। इससे ही बारिश के आसार बन रहे हैं।

### किसानों की चिंता बढ़ी, सिंचाई विभाग देगा जलाशयों से पानी

बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। उनके सामने फसल के खराब होने का खतरा बढ़ गया है। वर्तमान में धान के पौधे तैयार हो चुके हैं। निंदाई का समय है, ऐसे समय में पानी की अत्यंत आवश्यकता है, लेकिन खेत सूखे हुए हैं। जिले में करीब 1.25 लाख हेक्टेयर में धान की खेती की जा रही है। बारिश न होने से तापमान में वृद्धि हो रही है, जिसका सीधा असर खरीफ सीजन की फसलों पर हो रहा है। कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई जो फसलों के लिए पर्याप्त नहीं है। बढ़ते तापमान से फसल को नुकसान हो रहा है। इधर सिंचाई विभाग ने जल उपयोगिता समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर दिया है। डिमांड के अनुरूप तांदुला, खपरी जलाशयों से पानी छोड़ा जाना है।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री


916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शर्तें लागू
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

# बच्चों ने दिखाई कृष्ण की बाल लीलाएं, शहर में रही जन्मोत्सव की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सरस्वती शिशु मंदिर उ. मा. विद्यालय कसारीडीह दुर्ग में श्री कृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं शहर में भी श्रद्धालुओं ने कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विकांत दुबे भागवताचार्य तथा विद्यालय के अभिभावक ने अपने उद्बोधन में श्री कृष्ण जी की बाल लीलाओं का वर्णन किया। साथ ही विद्यालय में दिए जा रहे संस्कार पक्ष के विषय में प्रशंसा की। कार्यक्रम की प्रथम कड़ी में छात्र, छात्राओं द्वारा भजन की प्रस्तुति की गई। तत्पश्चात राधा कृष्ण सजाओं प्रतियोगिता कक्षा नर्सरी से के.जी.2 तक के छात्र/छात्रा ने आचार्या श्रीमती सीमा दीदी, श्रीमती पुष्पलता पटेल के मार्गदर्शन में हुआ। निर्णायक डॉ. शांति शर्मा व्याख्याता पॉलीटेक्निक कॉलेज व समिति सदस्य तथा सहसचिव श्रीमती रोहिणी पाटणकर, प्राचार्य श्रीमती कृपा शर्मा दीदी थे। राधा कृष्ण सजाओं प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रमुख श्रीमती पूर्णिमा भौमिक दीदी व प्रभारी श्रीमती प्रभजीत कौर भाटिया दीदी के मार्गदर्शन में राधा कृष्ण नृत्य की प्रस्तुति दी गई।राउत नाचा व दही लूट द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में श्री कृष्ण जी की आरती व प्रसाद वितरण किया गया।

**कसारीडीह स्कूल में मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव**







## खबर संक्षेप



### भाजपा पदाधिकारियों ने सुनी पीएम के मन की बात

**दुर्ग।** देशवासियों में जनचेतना जागृत करने तथा देश की वर्तमान परिस्थितियों व चुनौतियों से मिलकर निपटने के विभिन्न उद्देश्यों के साथ शुरू की गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल मन की बात कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने भाजपा पदाधिकारी व गणमान्य नागरिकों के साथ वार्ड क्रमांक 3 शीतला मंदिर पुराना बाजार पाटन में सुना।
जितेंद्र वर्मा भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा की इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री के विचारों को श्रवण कर देशवासियों में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार एवं प्रसार होता है। यह कार्यक्रम हमें राष्ट्रसेवा और समाज सेवा के लिए प्रेरित करता है। मन की बात में भूत, भविष्य व वर्तमान का अद्भुत समावेश होता है। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष योगेश निक्की भाले, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दामोदर चक्रधारी, जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष केवल चंद देवांगन, नगर अध्यक्ष होरी लाल देवांगन, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती निशा सोनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष कुणाल शर्मा, छबि श्याम देवांगन, नितेश तिवारी, नीलकंठ देवांगन, योगेश सोनी, सागर सोनी, चिरंजीव देवांगन, ओमप्रकाश साहु, रोशन वर्मा, आदित्य सावर्णी, चन्द्रप्रकाश देवांगन, छोटेलाल देवांगन, मानसिंह चक्रधारी, अश्वनी पटेल सहित वार्डवासी मौजूद रहे।

### सामाजिक छात्रवृति परीक्षा 22 दिसंबर को

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज के विद्यार्थियों के लिए जो इस शैक्षणिक सत्र मे कक्षा 9वीं से 12वीं में अध्ययनरत हैं उनके लिए सामाजिक छात्रवृति परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र मे विद्यार्थियों को प्रोत्साहन करना है। इसके तहत एक लाख पचास हजार की राशि प्रदान किया जाएगा। 20 विद्यार्थियों को निः शुल्क कोचिंग के साथ में 7 छात्रवृति परीक्षा में सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में 175 से भी अधिक शहरों एवं गांव में परीक्षा केंद्र बनाये गए हैं जिसमें 5000 से भी अधिक विद्यार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा 22 दिसंबर को दोपहर 12 से दोपहर 1.30 बजे तक नजदीकी निषाद समाज भवन में किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 20दिसंबर हैं। परीक्षा परिणाम की घोषणा 16 जनवरी 2025 को की जाएगी।

### यातायात व्यवस्था दृढ़ करने की मांग

**दुर्ग।** पूर्व एल्डरमैन डॉ. प्रतीक उमरे ने कलेक्टर से बढ़ते ट्रैफिक दबाव से निजात दिलाने दुर्ग में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने कार्ययोजना तैयार करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि शहर के लगभग सभी चौक चौराहों पर रोज जाम की स्थिति निर्मित होती है। जिसकी वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नौकरी पेशा वर्ग को रोज लेटलतीफी का शिकार होना पड़ता है। शहर की यातायात व्यवस्था बिना पटरी के चल रही है। इस संबंध में ट्रेफिक विभाग भी कोई कार्रवाई करते नहीं दिख रहा है।

**विडंबना : वर्ष 2023 के अगस्त माह के बाद नियमितीकरण पर ब्रेक**


# नियमितीकरण में फंसे मकान मालिक देनी होगी अब विकास शुल्क की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कांग्रेस शासन के दौरान लाए गए नियमितिकरण के चक्कर में लोगों ने निगम से परमिशन लिए बगैर (पिछले साल तक) धडाधड मकान बना लिए, ताकि अवैध निर्माण का नियमितिकरण से उन्हें लाभ मिल जाए। लेकिन पिछले साल अगस्त माह से नियमितिकरण में ब्रेक लगने से वे फंस गए है। अब उन्हें निगम को अनुज्ञा की पूरी राशि देनी होगी। वही ऐसे मकान जो अधूरे है, वे भी नियमितिकरण में फंस गए और उन्हें बैंक लोन नही दे रही है। नियमितिकरण के चलते जमीन मालिको ने निगम को विकास शुल्क की राशि भुगतान किए बगैर मकान बना लिए थे।

जानकारी अनुसार मकान बनाने अनुज्ञा के लिए निगम में प्रति फीट एक रूपए की राशि जमा करने से परमिशन मिल जाता था। वही अवैध प्लाटिंग इलाको में बीस रूपए विकास शुल्क दूसरी किस्त का भुगतान करने के बाद ही उन्हें परमिशन का प्रावधान है, जिससे इस राशि से निगम सडक, बिजली और नाली बना सके। लेकिन मकान मालिको ने एक रूपए भुगतान कर पूरा मकान बना लिया है, उन्हें इस बात की उम्मीद थी कि, वे नियमितिकरण का लाभ उठा लेगें। शहर में इस तरह के सैकडों प्रकरण सामने आ रहे है। यहां 23 अगस्त 2023 को स्कीम ही समाप्त हो गई है। जिसके चलते ऐसे मकान मालिक न इधर के हुए और न उधर के रहे। इधर सत्ता बदले आठ माह गुजरने को है, लेकिन नियमितिकरण के मसले को लेकर अब तक कोई निर्णय नही लेने से जिले के निकायों में साढे चार हजार प्रकरण धूल खा रहे है।

**अब विकास शुल्क की राशि देने पर ही मिले मकान बनाने परमिशन**



### देनी होगी अब विकास शुल्क की राशि

प्लाट बेचने के बाद उस इलाके में सडक, रोड व नाली व बिजली बनाने की जिम्मेदारी बिल्डरों की थी। लेकिन वर्तमान में बिल्डर हाथ खडे कर रहे है। ऐसे में खरीददारों को बिजली, सडक और नाली (विकास शुल्क) की राशि जमा करने के बाद भी परमिशन मिलने की बात निगम के अधिकारी कह रहे है। यानि उनसे अनुज्ञा की दूसरी किस्त भी ली जाएगी, जिसके बाद ही पूर्णता प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। जमीन मालिको को प्रति फीट बीस रूपए विकास शुल्क देना पडेगा। जबकि नियमितकरण में नामिनल राशि का ही प्रावधान था।

### समिति की बैठक नहीं, पुराने प्रकरण पर संशय

विधानसभा फिर लोकसभा चुनाव के चलते कलेक्टर की अध्यक्षता वाली समिति की बैठक नही किए जाने के चलते नियमितिकरण के करीब साढे चार हजार प्रकरण पेडिंग है। पिछले साल छग अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण संसोधन विधेयक कानून के तहत वर्ष 2023 के 23 अगस्त तक आवेदन लिए गए थे। जिसके बाद नियमितिकरण के आवेदन लिए जाने की प्रक्रिया समाप्त हो गई थी। उस दौरान नियमितिकरण के लिए करीब ग्यारह हजार से अधिक प्रकरण सभी निकायों से आए थे। जिसमें वर्तमान में साढे चार हजार प्रकरण समिति में रखे जाने है।

### लंबित प्रकरण की स्थिति निकायवार

जानकारी अनुसार दुर्ग 374, भिलाई नगर 2816, रिसाली 410, चरोदा 60, अमलेश्वर 854, कुम्हारी 35, जामुल नगर परिषद 27, अहिवारा तीन और धमधा, पाटन अनुविभाग और नगर पंचायत से आवेदन नही आए। जबकि उतई नगर पंचायत से चार और नगर पंचायत धमधा के पन्द्रह प्रकरण समिति में रखे जाने है। ये सभी प्रकरण निकायों से होकर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग में जमा है, लेकिन इसे लेकर आगे क्या प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

### निर्देश नहीं

नियमितिकरण की प्रक्रिया को लेकर पिछले साल आवेदन लिए गए थे। वर्तमान में राज्य शासन से निर्देश नही मिले है। निर्देश मिलने के बाद प्रक्रिया की जाएगी।
**-सूर्यभान ठाकुर,** उप संचालक, टाउन एंड कंट्री विभाग, दुर्ग

### शुल्क जमा करना होगा

नियमितिकरण की प्रक्रिया टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से हो रही थी। निगम से परमिशन लेने बीस रूपए फीट के अनुसार राशि जमा करनी होगी।
**-गिरिश दीवान,** भवन अधिकारी, दुर्ग नगरनिगम

## जन्माष्टमी और मटकी फोड़ कार्यक्रम में पहुंचे विधायक



**दुर्ग।** उरला में ग्वालीन सहायता समूह द्वारा आयोजित जन्माष्टमी पर विधायक गजेन्द्र यादव शामिल हुए। इस दौरान उन्होने बच्चों के साथ आठे कन्हैया बनाये। शाम को युवाओ की टोली द्वारा मटकीफोड़ कार्यक्रम में भी शामिल हुए भारतीय त्यौहार को पूरे उत्साह व उमंग से मनाने आव्हान किये।

उरला में ग्वालीन स्व सहायता समूह द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण जी के पूजा पश्चात जन्माष्टमी पर मोर पंख से आठे बनाने के महत्व को बताये। श्री यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चियों को महूर घोल से मोर पंख के जरिये आठे बनाना सिखाये। इसके बाद नयापारा में यादव भवन में कार्यक्रम में श्रीकृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर खुशहाली की प्रार्थना किये। उपस्थितजन को सम्बोधित करते हुए घर में पूजा स्थान पर लड्डू गोपाल रखकर नित्य पूजन करने प्रेरित किये। इस दौरान सभापति राजेश यादव, वार्ड पार्षद चमेली साहू, पार्षद मनीष साहू, रश्मि यादव, रूपा यादव, मुन्ना, भूपेंद्र यादव, राजाराम यादव, पवन यादव , विष्णु यादव , योगेश यादव, बिरेंद्र यादव, जनक यादव, संतराम, गोरेलाल यादव मौजूद रहे।

## विधायक ने नवनियुक्त अध्यक्षों व प्रतिनिधियों का बढ़ाया हौसला

**दुर्ग।** शासकीय विद्यालयों के शाला प्रबंधन समिति के नवनियुक्त अध्यक्षों व विधायक प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित हुई, जहां विधायक गजेंद्र यादव ने सभी को शुभकामनायें देते हुए स्कूल के बेहतर संचालन हेतु प्रेरित किये। विधायक ने प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि, स्कूल विद्या का मंदिर है। जिस तरह पूर्ण भाव व श्रद्धा से हम मंदिर जाते हैं उसी भाव से हम सभी को स्कूल जाना चाहिए। उन्होंने सभी अध्यक्ष व प्रतिनिधियों को स्कूल के सभी स्टाफ, छात्र छात्राओं व पालकों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर कार्य करने कहा।

## कुडो ट्रेनिंग सेमिनारः तृतीय राज्य टूर्नामेंट में जिला बना ओवरऑल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

स्वामी विवेकानंद संस्कृतिक भवन दुर्ग में राज्य स्तरीय कुडो ट्रेनिंग सेमिनार एवं तृतीय राज्य कुडो टूर्नामेंट में 21 जिले के 650 खिलाड़ी - अधिकारी - कोच - रेफरी शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में दुर्ग, भिलाई, रायपुर, राजनांदगाव, बेमेतरा, कवर्धा, सारंगढ़, खैरागढ़, कोरबा सहित कुल 21 जिले के खिलाड़ियों और ऑफिसीयल्स ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में दुर्ग जिले के खिलाड़ियों ने सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर तीनों वर्गों में 45 स्वर्ण 21 रजत और 14 कांस्य कुल 80 पदक जीतकर ओवर ऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। वहीं कोरबा जिला 26 स्वर्ण, 8 रजत और 3 कांस्य पदक के साथ दूसरा स्थान, बालोद जिला



21 स्वर्ण, 8 रजत और 5 कांस्य पदक के साथ तृतीय स्थान पर रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अरुण वोरा रहे। विशेष अतिथि कुडो एसोसिएशन की चेयरमेन अनुराधा सिंह, दीपा साहू प्रिंसिपल पोटिया हाई स्कूल, महेश शर्मा युवा जीव कल्याण संस्था से रहें। कुडो संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजा कौशल ने बताया कि कुडो खेल संघ को खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन में 2 जुलाई को मान्यता मिला है और मान्यता मिलने के बाद पहली बार राज्य स्तरीय यह आयोजन हुआ है। इस प्रतियोगिता में मेडल जितने वाले सभी जूनियर, सबजूनियर एवं सीनियर खिलाड़ियों को शासन की सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध होगी।

## नेत्र शिविर का केन्द्रीय जेल के बंदियों को मिला लाभ



**दुर्ग।** केंद्रीय जेल में नेत्र परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र रोग से चिन्हित पुरुष बंदियों का नेत्र परीक्षण एवं उन्हें परामर्श दिया गया। नेत्र रोग से पीड़ति 25 बंदी दृष्टि बाधित मिले। जिन्हें आंखो की सफाई और आई ड्राप के उपयोग की सलाह दी गई। 4 बंदियों में मोतियाबिंद के लक्षण मिले। 32 पुरुष बंदी के दृष्टि समस्या से चिन्हित होने पर उन्हें चश्मा लगाने की सलाह दी गई। शिविर में कुल 61 पुरुष बंदियों का अपने आंखो की जांच करवाई। शिविर में नेत्र चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण सिंह, सहयोगी गुलशन कुमार देशमुख, प्रदीप साहू, सुशील कुमार पटेल,सूरज साहू, विनय सिंह, आशीष कुमार, अतुल चंद्राकर ने सेवाएं दी। जेल प्रशासन से मनीष संभाकर, जेल अधीक्षक एसएल ठाकुर, सहायक अधीक्षक अशोक साव, रमेश बरसे, डीआर कोसरे , गोपाल कश्यप, केंद्रीय जेल संदर्शक नीलू सिंह, हरिश्चंद्र ठाकुर, जीवनदीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर, केआर मुदलियार, वेदनारायण यदु, भागवत ताम्रकार ने शिविर संचालन में योगदान दिया।

## जेसीआई ने साइबर जागरुकता के लिए कराया सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जूनियर चैंबर इंटरनेशनल (जेसीआई) ने दुर्ग पुलिस के साथ 'साइबर अपराध जागरूकता और रोकथाम विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन श्री शंकराचार्य विद्यालय, हुडको में किया। यह कार्यक्रम शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता को उजागर करता है। जेसीआई दुर्ग भिलाई के अध्यक्ष जेसी योगेश राठी ने ₹हौसलों की उड़ान,₹ जेसीआई का प्रमुख प्रशिक्षण कार्यक्रम का परिचय दिया, जो पिछले 12 वर्षों से सफलतापूर्वक चल रहा है। इस साल, जेसीआई दुर्ग भिलाई के 51वे वर्ष के उपलक्ष्य में 51 स्कूलों में ऐसे ट्रेनिंग सत्र आयोजित करना है। सेमिनार की शुरुआत जेसीआई के ट्रेनिंग वाइस प्रेसिडेंट जेसी कर्मेंद्र त्यागी द्वारा कार्यक्रम के थीम को प्रस्तुत करने से हुई। मुख्य वक्ता, डॉ. संकल्प राय, जो

- **पिछले 12 साल से चल रहा आयोजन**



साइबर पुलिस स्टेशन रेंज, दुर्ग जिला में उप-निरीक्षक और साइबर अपराध रोकथाम के विशेषज्ञ हैं, ने एक प्रेरणादायक सत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने साइबर खतरों से निपटने के लिए ₹जागरूकता, शिक्षा, और सतर्कता₹ के महत्व पर जोर दिया। उनके द्वारा साइबर अपराध के ₹क्या करें और क्या न करें पर दिए गए सुझावों ने छात्रों को बहुत प्रभावित किया, जिन्होंने उत्साहपूर्वक सवाल भी पूछे। अमिताभ दास, प्राचार्य श्री शंकराचार्य विद्यालय हुडको, ने इस सेमिनार के आयोजन के लिए जेसीआई टीम की सराहना की, जिसे छात्रों ने बहुत पसंद किया। लेडी जेसी नीतू बंसल ने बताया कि यह कार्यक्रम समुदाय में युवा मनों को सशक्त बनाने और साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए जेसीआई की निरंतर प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

## दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित ने नायडू को किया सम्मानित



**भिलाई।** देवदास बंजारे लोक कला महोत्सव और वैचारिक संगोष्ठी ,सम्मान समारोह का आयोजन वार्ड 6 हथखोज उतई में किया गया। इस दौरान वैद्य राज वाई अप्पल नायडू को विधायक ललित चंद्राकर ने श्रीफल प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया है।

### कुनकुरी में प्रभंजय चतुर्वेदी की भजन संध्या

**भिलाई।** भजन गायक प्रभंजय चतुर्वेदी द्वारा जन्माष्टमी के अवसर पर स्मृति नगर,राधा कृष्ण मंदिर में भजन संध्या की प्रस्तुति दी जायेगी। यह आयोजन राधा कृष्ण मंदिर समिति स्मृति नगर द्वारा आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के गृह निवास कुनकुरी में भजन संध्या की प्रस्तुति दी जायेगी।

## शिक्षकों ने देशभक्ति गीतों से महफिल में बांधा समां

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश प्रेम की भावना को जागृत करने कार्यक्रम 'शिकसा ऐ मेरे वतन के लोगों' का आयोजन किया गया। यह आयोजन संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन 'आस' के संयोजन कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान की उपस्थिति व टीकाराम सारथी 'हसमुख' प्राचार्य चुरतेली के अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना शिवकुमार अंगारे व राजगीत ज्योति नागरे ने प्रस्तुत कर किया। सर्वप्रथम संस्थापक व संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन 'आस' ने कार्यक्रम में प्रकाश डालते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम, शिक्षकों ने देशभक्ति गीतों से महफिल को रौनक किया और देश भक्ति में सभी शिक्षक झूम उठे यही तो हमारे कार्यक्रम का सच्चाई है कि शिक्षक अपनी प्रतिभा को पहचान दे रहे हैं। प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल, महासचिव डॉ. बोधीराम साहू, संगठन मंत्री राधेश्याम कंवर, संयुक्त सचिव पुष्पांजलि ठाकुर, कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान, सलाहकार डॉ. प्रमोद आदित्य व जिलाध्यक्ष दुर्ग होरी लाल चतुर्वेदी ने भी अपने उदबोधन में शिकसा शिक्षकों के बीच अलग पहचान बनाने वाला यह प्रथम मंच है। कार्यक्रम में भीखम लाल देवांगन, प्रीति शुक्ला, रूक्मणी साहू, अनामिका चक्रवर्ती 'सुनीति', शकुन्तला बंजारे, हरनारायण साहू, कामती ठाकुर, अयांश मेरसा, मंजू लता मेरसा 'कृष्णा मानसी', अनिता श्रीवास, राजीव लोचन कश्यप, दिलीप श्रीवास, हेमा चन्द्रवंशी, हरमन कुमार बघेल, श्रुति कोरी आदि मौजूद थे।

## 69 हजार के गांजे के साथ दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गांजा का अवैध कारोबार करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना का खुलासा करते हुए सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कैम्प 01 भिलाई गोसिया मस्जिद के पास निवासी हुसैन शरीफ, ढांचा भवन प्लाट नंबर 133 जामुल गगनदीप सिंहको पकड़ा गया। आरोपियों के पास से पुलिस ने अलग-अलग सफेद रंग के थैला में हुसैन शरीफ से 3.230 कि.ग्रा. और गगनदीप सिंह से 3.622 कग्रि. कुल 6.952 कग्रिाम गांजा जब्त किया।



जिसकी कीमत 69 हजार 502 रूपये है। कार्रवाई में डीएसपी हेम प्रकाश नायक, एसीसीयू तपेश्वर नेताम, छावनी प्रभारी चेतन चंद्राकर, उनि वरूण देवता, प्रधान आरक्षक जसपाल सिंह, आरक्षक अकाश तिवारी, ध्रुव नारायण चन्द्राकर, सुनील वर्मा, त्रिलोक भाठी और एसीसीयू के प्रधान आरक्षक विजय शुक्ला, आर जुगनु सिंह, अनुप शर्मा मौजूद थे।

## राशन एप छग में भी हो लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



केंद्र सरकार के द्वारा सहकार से समृद्धि के लिए देश के समस्त राशन दुकानों जनपोषण केंद्र पायलट परियोजना की शुरूवात विगत दिनों केंद्रीय खाद्यमंत्री प्रहलाद जोशी द्वारा किया गया। जिस पर पूर्व पार्षद व दुर्ग जिला थोक उपभोक्ता सहकारी भंडार के अध्यक्ष विनोद ताम्रकार ने केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह, खाद्यमंत्री प्रहलाद जोशी एवं छ.ग. शासन के मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर मांग किया है कि, केंद्र सरकार की योजना मेरा राशन एप के उन्नत संस्करण की शुरूवात किया गया है। किंतु इसमें छत्तीसगढ़ को सम्मिलित नही किया गया। इस योजना में समस्त उचित मूल्य की राशन दुकानों में रियायती दर पर बाजरा, दलहन, तिलहन दूध उत्पाद वस्तु, चना दाल आटा, पेस्ट, चायपत्ती, शक्कर आदि रोजमर्रा की वस्तुएं सभी राशन की दुकानों से मिलेंगे। श्री ताम्रकार ने कहा कि, मंशा सभी सहकारी संस्था, स्व. सहायता समूहों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना व बढ़ावा देना की होती है, किंतु वास्तविक में सभी सहकारी संस्थाओं की माली हालत ठीक नहीं है। उन्होंने यहां संपूर्ण जिला में एक साथ लागू करने की मांग की है। पूर्व पार्षद श्री ताम्रकार ने कहा कि केंद्रीय सरकार जन पोषण केंद्र परियोजना की पहल को पूरे छत्तीसगढ़ में एक साथ सहकारी संस्थाओं, स्व.सहायता समूहो के माध्यम से रियायती दरों में सामाग्री मिल सके।

## खबर संक्षेप



### बालक दास जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**भिलाई।** गुरू बालक दास जयंती के पावन पर्व पर भव्य सतनाम शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें पतोरा क्षेत्र के सैकड़ों सतनाम अनुयायी शामिल हुए। शोभायात्रा में मोटरसाइकिलों की लंबी कतारें लगी रही। सतनाम के प्रतीक सफेद ध्वज थामें युवा जय सतनाम के जयकारे लगाते हुए ग्राम पतोरा से डूमरडीह मिनी माता चौक ममता मई मिनी माता की पूजा अर्चना कर आरम्भ हुआ जो फुंडा होते हुए पाटन की रैली में शामिल हुए। इस अवसर पर गौरव कौशल, ओमप्रकाश बंजारे, अरुण, कमल, बाल किशोर के नेतृत्व में किया गया। जिसमें जनपद सदस्य खिलेश मार्कण्डेय, सूर्या टण्डन, भास्कर चेलक, प्रशांत कुर्रे, भूपेंद्र बघेल, राहुल, टुमनलाल चतुर्वेदी, मुकेश महिलांगे, प्रमोद कौशल, निखिल कौशल, महेश कौशल, अभिषेक, भूपेंद्र, तरुण, विमल चेलक, निखिल टण्डन, टिकेश्वर ,धर्मेंद्र बारले आदि शामिल हुए।

### कजली तीज पर्व मनाई

**जामगांव आर।** नगर महेश्वरी समाज जामगांव आर ने प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी कजली तीज पर्व मनाया। सूरत से कवर सा पवन राठी ने बिटिया पूजा को और राजनांदगांव से आए कवर सा उज्ज्वल चितलानगिया ने बिटिया प्राची को सुंदर राठी उपवचन में जमकर झूला झुलाया। महेश्वरी समाज वरिष्ठजनों ने पूजा अर्चना किए।

## सशिमं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की स्थापना दिवस व बहुमान समारोह

# सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा, संस्कार और समर्पण का विचार दाता गुरुकुल है : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर अपने 34 वां स्थापना दिवस और कृष्ण जन्माष्टमी सोमवार को बहुमान समारोह आयोजित कर आचार्यों दीदियों प्रतिभा शाली छात्र छात्राओं गायक-गायिकाओं, विद्यार्थियों, अतिथियों का बहुमान उपहार भेंट कर किया। बहुमान समारोह में सुरपा निवासी पूर्व छात्र हर्ष चोरड़िया ने अपने पिता प्रमोद जैन समिति सदस्य व परिजन से सहमति प्राप्त कर अपने दादाजी संस्कार दाता सेठ संपतलाल चोरड़िया सुरपा के स्मरणार्थ विद्यालय के उतरोत्तर विकास के लिए 71 हजार रुपए का दान दिए। विद्यालय परिवार ने दान दाता को अतिथि मंच पर विराजमान कर उपहार भेंट करते सम्मान किए। बहुमान समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व खेलकूद युवा कल्याण आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा थे। अध्यक्षता सरस्वती शिक्षा संस्थान संगठन मंत्री डॉ. देवनारायण साहू थे। बहुमान समारोह अतिथि मंच में संघ के अक्षय श्रीवास्तव, भाजपा मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, दानदाता प्रमोद छाया, हर्ष चोरड़िया मंचासिन रहे। बहुमान समारोह में रिकार्डिंग डांस से परे गायन वादन और नृत्य का संगम सांस्कृतिक छटाओं को मनमोहन संदेश दे रही थी। एसडीएम लवकेश ध्रुव, पुलिस एसडीओ आशीष बंछोर, तहसीलदार मीना साहू, अतिरिक्त तहसीलदार ममता टावरी, टीआई ,लोक निर्माण जेई श्री ढिढ़ी, अंबिका प्रसाद ध्रुव स्टाफ सहित संकुल समन्यवयक रूपेश साहू कुम्हली हेडमास्टर सीएल साहू उपस्थित थे।

### पूर्व छात्र हर्ष ने विद्यालय को 71 हजार दान किया



### मंत्री वर्मा ने 1 लाख रुपए देने की घोषणा की

मुख्यातिथि प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने विद्यालय की सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रबंधन के लिए 1 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा करते हुए कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में 33 वर्षों से संस्कारित शिक्षा की गंगा बहा रही है। 34 वां स्थापना दिवस समारोह संगीत, सांस्कृतिक नृत्य मंचन के साथ मनाते हुए प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सम्मान कर संस्कार की शानदार मिशाल सामने रख रही है। छोटे से गांव में इतना बड़ा सुविधायुक्त विद्यालय शिक्षा संस्कार और समर्पण की शानदार मिशाल है। कम शुल्क में बेहतरीन संस्कारित शिक्षा प्राप्त कर इस विद्यालय के बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर, सीए, सेना, उम्दा व्यापारी सहित शासकीय, अशासकीय विभिन्न पदों पर आसीन होकर माता-पिता, गुरु को गौरवान्वित करते हुए देश की सेवा कर रहे हैं।

### गुरुकुल का ही स्वरूप है

राजस्व मंत्री ने कहा कि बिना शासकीय सहयोग लिए समाज के दम पर इतना बड़ा वृहंगम भवन निर्माण तैयार कर देश के भविष्य को संवारने के लिए संस्कार की दीपक से रोशनी फैलाने का जतन समाज के लिए समाज के द्वारा करना असाधारण कार्य है इस कार्य को मंजिल की ओर अग्रसर करने वाले साधुवाद के पात्र है। वहीं प्रादेशिक संगठन मंत्री डॉ. देवनारायण साहू ने कहा कि निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज के सहयोग से समाज के लिए कार्य करने समर्पित भाव लगन के साथ जब कोई नेतृत्व करते हैं तब सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर जैसा विद्यालय समाज के सामने एक असाधारण उदाहरण बन कर प्रेरणा देने लगता है। यह विद्यालय 34 वां स्थापना दिवस पर प्रतिभाशाली अतिथियों, समाजसेवी, आचार्य दीदीयों का बहुमान करते हुए संस्कार की रोशनी फैला रहा है। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर देश समाज का हित चाहता है लाभ उठाए सहयोग भी करें। देश में13000 विद्यालय संस्कारित और सर्वांगीण विकास की शिक्षा देने के लिए सतत प्रयास कर रही है।उन्होंने कहा कि बच्चे में संस्कार के अभाव में बाद में पछताना न पड़े सरस्वती शिशु मंदिर का लाभ उठाए।

### इनका हुआ बहुमान

विद्यालय के आचार्य पवन बंछोर को सेवानिवृत्त बिदाई सम्मान करते हुए मोमेंटो एवं उपहार अतिथियों के हाथों भेंटकर सम्मानित किया गया। दानदाता हर्ष प्रमोद जैन को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। वर्ष 2024 में द्वादश उत्तीर्ण विद्यार्थियो को कक्षा अरुण से द्वादश तक परीक्षा परिणाम अंकित मोमेंटो भेंट कर विदाई दी गई। कक्षा अरुण से द्वादश तक कक्षा में प्रथम आए बच्चो को मोमेंटो से सम्मान हुआ।

इस अवसर पर दुर्ग विद्यालय से नरसिंग भूतड़ा, पूनम जैन, सुराना, समिति कोषाध्यक्ष बसंत शिंदे देवनारायण साहू, डॉ. केएस देवांगन, श्यामलाल चंद्राकर, डॉ. गुलाब साहू, जोगीराम साहू, प्रेमचंद जैन, सरपंच राजकुमार ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू, शासकीय कालेज जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश केला, पूर्व महामंत्री प्रमोद जैन, मनीष जैन, मिडिल स्कूल सांसद प्रतिनिधि मुकेश साहू, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मेघनाथ सागरवंशी, उज्ज्वल केला, युधिष्ठिर चंद्राकर, सीताराम साहू, पूर्व छात्र डॉ. डालचंद जैन, डॉ. दीपमाला चंद्राकर, सौरभ राठी, रामप्रताप साहू, दीपक पाण्डेय, कमलनारायण आदि उपस्थित थे।



# बेटियों पर अत्याचार को रोकने हम सबको खड़ा होना पड़ेगा: ताम्रकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

लक्ष्य सनातन संगम के राष्ट्रीय संचालक सलाहकार एवं हिन्दू जनजागृति समिति के सदस्य विशाल ताम्रकार ने कहा कि अखंड भारत के निर्माण के लिए आज परिस्थितियां सामान्य नहीं है। हम जब बांग्लादेश, पाकिस्तान को देखते हैं, तो हमें लगता है कि हम मानसिक गुलामी की ओर बढ़ रहे हैं। हम सोचने लगते हैं कि जो घटनाएं हो रही है। उससे हमें क्या हम तो यहां सुरक्षित हैं।

लेकिन हम गलतफहमी में जी रहे है दुर्भाग्य है कि हमारे देश के 9 राज्य ऐसे हैं, जहां बहुसंख्यक अल्पसंख्यक हो गए हैं। हम अल्पसंख्यक की परिभाषा समझ ही नहीं पा रहे हैं। आज अल्पसंख्यक बहुसंख्यक का लाभ ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि तीन वर्षों में करीब 56 हजार लड़कियां छत्तीसगढ़ से गायब हो चुकी हैं। रायगढ़ जिले की बात करें तो 60 लड़कियां हर महीने गायब हो रही हैं। पूरे देश भर में 13 लाख से अधिक लोग गायब हैं। ताम्रकार ने बताया कि इसके लिए समाज के अलावा लचर कानून व्यवस्था और हमारे संविधान में कुछ कानून व्यवस्था को सुधारने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देश में बड़े-बड़े मंदिर हैं, जहां आने वाले चढ़ावा से बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा के इंतजाम होने चाहिए।

- कानून व्यवस्था और हमारे संविधान में कुछ कानून व्यवस्था को सुधारने की आवश्यकता

# विधायक रिकेश की अब भाजपा में कोई पूछ नहीं रही: मुकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भाजपा विधायक रिकेश सेन की एक निजी होटल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ऊपर गलत टिप्पणी के विरोध में जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि ऐसा लगता है कि विधायक रिकेश सेन की अब भाजपा में कोई पूछ नहीं रही है। इसलिए वह पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बारे में अनाप-शनाप बयानबाजी करके सुर्खियों में आना चाहता है, जो अति-दुर्भाग्यपूर्ण है। आप अपने चुनावी वादे अगर पूरा करते तो आप जनता के बीच सुर्खियों में रहते, लेकिन आप ने ऐसा नही किया।



राजनीति में मतभेद अपनी जगह होते हैं, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री के रूप में उनका मान-सम्मान खंडित करने का किसी को भी अधिकार नहीं है। ये भी लोकतांत्रिक देश में जनमत का अपमान है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए एक वायरल वीडियो में विधायक प्रतिनिधि द्वारा दुर्ग जिले के पुलिस अधीक्षक को नसीहत दे रहा था। तब पुलिस अधीक्षक ने विधायक प्रतिनिधि पर कोई कार्यवाही नही की इसलिए विधायक दुर्ग एसपी का बचाव कर रहे हैं।

क्या विधायक प्रतिनिधि की गलती जानने के बाद विधायक बचाव करेंगे या फिर अपने प्रतिनिधि पर कानूनी कार्यवाही का समर्थन करेंगे। विधायक की भूमिका पर भी सभी की निगाहें हैं, क्या वह अपने प्रतिनिधि पर कानूनी कार्यवाही का समर्थन करेंगे या गुंडागर्दी करने वाले अपने समर्थक का समर्थन करेंगे।

- पूर्व सीएम भूपेश के बारे में अनाप-शनाप बयानबाजी करके सुर्खियों में आना चाहता है

# मेगा प्लेसमेंट कैंप उड़ान का आयोजन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

पाटन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महकाखुर्द में स्थित प्रिज्म संस्थान में पांच दिवसीय प्लेसमेंट कैंप 'उड़ान' का आयोजन 27 अगस्त से 31 अगस्त तक किया जा रहा है। संस्था के प्लेसमेंट डायरेक्टर असीम साहू ने कैंप के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कैम्प का उद्देश्य युवाओं एवं नियोक्ताओं को रोजगार प्रबंधन के लिए एक आदर्श मंच प्रदान करना है जिससे युवाओं को उचित रोजगार मिलने में और नियोक्ताओं को उचित प्रतिभा के चयन सुविधा हो। उन्होंने बताया कि कैंप का आयोजन छत्तीसगढ़ के 16 शासकीय महाविद्यालय के सहयोग के साथ किया जा रहा है जिसमें इन महाविद्यालयों के अलावा संपूर्ण प्रदेश के लगभग 2500 छात्र अपना पंजीयन कर मुख्य दौर में शामिल होने के लिए एप्टीट्यूट टेस्ट दे चुके हैं। एप्टीट्यूड टेस्ट में सफल अभ्यर्थियों को मुख्य दौर में नियोक्ताओं के समक्ष साक्षात्कार प्रक्रिया से गुजरना होगा। श्री साहू ने बताया कि इस कैंप में छत्तीसगढ़ के



विभिन्न सेक्टर जैसे बैंकिंग एवं फाइनेंस, रिटेल, ऑटोमोबाइल, कंस्ट्रक्शन, ट्रांसपोर्ट, फार्मेसी, हेल्थकेयर, मैन्युफैक्चरिंग, टेलीकॉम, आईटी एंड ई कॉमर्स आदि के 30 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनी और शिक्षा क्षेत्र लगभग 40 स्कूल एवं कॉलेज शामिल हो रहे हैं। संस्था प्रमुख रूपेश कुमार गुप्ता ने बताया कि कैंप के लिए लगातार छात्रों की काउंसलिंग की जा रही है और उनके मार्गदर्शन के लिए दो हेल्प नंबर भी जारी किए गए है। उन्होंने बताया कि विभिन्न सेक्टर के रोजगार नियोजन के लिए कैम्प की तिथि निर्धारित हैं जिसकी जानकारी संस्था की वेबसाइट से ली जा सकती है। प्रिज्म संस्थान द्वारा आयोजित इस प्लेसमेंट कैंप का प्रदेश के विभिन्न कॉलेज के छात्रों ने युवाओं के लिए एक सराहनीय एवं व्यवस्थित कदम बताया है।

# माताओं ने की हलषष्ठी देवी की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

वार्ड नं 15 हाउसिंग बोर्ड कालोनी दुर्गा मंदिर प्रांगण में हलषष्ठी के अवसर पर पंडिताईन केतकी त्रिपाठी ने कहा कि यह बच्चों की लंबी उम्र के लिए माताओं द्वारा उपवास किया जाने वाला छत्तीसगढ़ी संस्कृति का यह एक ऐसा पर्व है जिसे हर जाति व हर वर्ग के लोग मनाते हैं। हलषष्ठी, हलछठ, कमरछठ, खमरछठ आदि नामों से इस पर्व को लोग जानते हैं। शनिवार को इस पर्व पर माताओं ने सुबह से महुआ पेड़ की डाली का दातुन कर, स्नान कर व्रत धारण किया। मंदिर प्रांगण के सामने सगरी बनाई गई इसमें पानी भरा गया। मान्यता है कि पानी जीवन का प्रतीक है। बेर की डाली, पलाश, गूलर आदि पेड़ों के टहनियों और काशी के फूलों से सगरी की सजावट की गई। इसके सामने गौरी-गणेश, मिट्टी से बनी हलषष्ठी माता की प्रतिमा और कलश की स्थापना कर पूजा की गई। साड़ी सहित सुहाग की दूसरी चीजें भी माता को समर्पित की गई। इसके बाद पंडिताईन द्वारा हलषष्ठी माता की 6 कथा पढ़ी और सुनाई गई। इस पर्व में पसहर चांवल,भैंस का दूध, 6 प्रकार की भाजी एवं इस दिन हल से जोता गया अनाज नहीं खाने का रिवाज है। इस त्योहार को मनाने की यह प्रथा है कि कंस द्वारा माता देवकी के 6 बच्चों को मारने के बाद माता देवकी ने हलषष्ठी माता की पूजा कर भगवान बलराम को जन्म दिया जो भगवान श्री कृष्ण के बड़े भाई थे, तब से इस त्योहार को लोग मनाते आ रहे हैं। इस पूजा में वार्ड पार्षद रागिनी राजू निषाद, कमला निषाद, जयश्री, संध्या देवांगन, भारती निषाद, रानी वर्मा, शांता शर्मा, सुनैयना सोनी, ललिता चौधरी, दीप्ति चौहान, अंजू निषाद, किरण राजपूत, अंकिता सोमवंशी, लता चंद्राकर, मीरा सोनी, रेखा शुक्ला, लक्ष्मी भारद्वाज, कंचन शुक्ला, पूर्णिमा राव, पूजा बिछिया, उषा चौहान, ममता गुप्ता, ज्योति पांडेय, स्मिता शुक्ला, मंजू गुप्ता, मंजुला गुप्ता, संगीता गुप्ता, वैशाली रावते सहित माताओं ने पूजा की।



### माताओं ने देवी की कथा सुनी

**जामगांव आर।** शीतला पारा में कमरछट पूजा अर्चना माताओं ने अपने बच्चों के स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की मंगलकामना करते हुए कथा श्रवण किए। गांव के पुरोहित मुकेश शुक्ला से कथा वाचन किया गया। पूजा स्थल पर माताओं और बहनों की सहभागिता रही जिसमें मीरा चंद्राकर, नंदनी साहू, ममता साहू, पिंकी शुक्ला, परमेश्वरी साहू, भानमति साहू, योगेश्वरी साहू, सोनल चंद्राकर, प्रीतम चंद्राकर, संतोसि वाग, पर्मिला साहू, अलिशा साहू, गिरजा निर्मल, मेनका, सरोजनी, रामेश्वरी, देवश्री, सुलोचना, रिद्धि, बसंती पटेल, छमता निर्मल, भारती, मीना, अमरिका, दामनि, बुधकुवर, कविता चंद्राकर, ईसू चंद्राकर, मंजू चंद्राकर, संध्या देशमुख, सुशीला, खिलेश्वरी, कुलेश्वरी, रेखा साहू, तनुजा, केसरी, संध्या, देशमुख, अनीता वाग, हेमलता सेन, हेमलता पटेल, सुमिंतरा ठाकुर, माधुरी, टोमीन आदि उपस्थित थे।




### आम सूचना

आम जनता को या हर खासोआम को सूचित किया जाता है कि खसरा नं. 114, 152, 572, रकबा 0.47, 0.23, 0.03 हे. हमारी पक्षकारा खोरबाहरीन बाई और उसके पुत्र घनाराम के नाम पर शामिलात खाते में ग्राम अंजोरा में स्थित है जिस पर हमारी पक्षकारा का हक, कब्जा व अधिकार है।

घनाराम साहू शादीशुदा 04 बच्चों का पिता होकर शराब और बुरी आदतों का शिकार होकर अपनी और अपने परिवार का ध्यान नहीं रखता यही कारण नशे में अपने नाम से संपत्ति होने का लाभ लेकर इस प्रॉपर्टी को बेचना चाहता है जो कि पैतृक और छोटे छोटे बाल-बच्चों के भविष्य के लिए एक संपत्ति है। इसलिए इस उपरोक्त अंकित ग्राम अंजोरा की संपत्ति को कोई भी व्यक्ति या संस्था खरीदने के नाम पर घनाराम साहू से कोई सौदा लिखा-पढ़ी संव्यवहार करके पैसा आदि न देवें अन्यथा इस संबंध में संबंधित व्यक्ति के खिलाफ घनाराम साहू और उसका पूरा परिवार एवं शामिलात खाताधारी माँ दावा मुकदमा पेश करने को मजबूर होगी जिसके हर्जे एवं खर्चे के साथ ही साथ उत्पन्न परिणामों के जवाबदार भी संबंधित व्यक्ति ही जाना एवं माना जावेगा।

अतः सूचना जाने
दिनांक 19/08/2024

भवदीय
सोहन लाल चन्द्रपक्षी
अधिवक्ता
जिला न्यायालय दुर्ग

(मुहर)



### न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

### ।। ईश्तहार ।।

रा.प्र.क्र.-202408102700006/ अ-74/वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक राजेश साहू पिता स्व. सालिकराम साहू निवासी ग्राम पुरदा, तहसील बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा ग्राम पुरदा, प.ह.नं. 07, तहसील बोरी स्थित भूमि ख.नं. 1307, 1987 रकबा क्रमशः 0.010, 0.070 हे. जोकि आवेदक राजेश साहू पिता सालिकराम व अन्य 03 के नाम पर भूमिस्वामी हक पर दर्ज है, की मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन मय बैंक चालान, नक्शा, खसरा एवं बी-1 की नकल, नोड्यूज, पुलिस रिपोर्ट की कापी, तलवाना सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक के नाम पर द्वितीय प्रति ऋणपुस्तिका जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा हो तो वे स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई तिथि 05.09.2024 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

(मुहर)

तहसीलदार
बोरी
जि.-दुर्ग (छ.ग.)


## बिजनेस साइट

# हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की जयकारों के साथ धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

**भिलाई।** श्री रावतपुरा सरकार इंटरनेशनल स्कूल दुर्ग कुम्हारी में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के विद्यार्थी राधा कृष्ण के परिधान में बड़ी ही मनमोहक लग रहे थे। छात्र-छात्राओं के द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किए गए जो बहुत ही सराहनीय रहे। दीर्घ अवकाश के उपरांत मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन शालेय मैदान में किया गया। सभी विद्यार्थियों ने अपूर्व उत्साह दिखाई दे रहा था उक्त अवसर पर कैम्पस डायरेक्टर डॉ. प्रीति गुरनानी भी उपस्थित रही जिन्होंने बच्चों को कृष्ण जन्मोत्सव की बधाइयां दी। प्राचार्य धर्मेन्द्र नाथ राय ने भगवान श्री कृष्ण का पूज अर्चना किया। उन्होने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि श्री कृष्ण ने अर्जुन को निमित्त मानकर सारे विश्व को गीता के रूप में उपदेश दिया कि इंसान को कर्म करने का अधिकार है परंतु फल की इच्छा नहीं करना चाहिए। फल तो भगवान की इच्छा में समर्पित करना चाहिए। कृष्ण जन्मोत्सव के अंत में सभी विद्यार्थियों को प्रसाद वितरण किया गया।



### दुर्ग पब्लिक स्कूल में मना जन्माष्टमी

**भिलाई।** 24 अगस्त को दुर्ग पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं द्वारा बहुत ही धूमधाम से कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव मनाया गया जिसमें बच्चों ने राधा कृष्ण की वेशभूषा पहन कर आये और तरह तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। वही स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा दही लूट का कार्यक्रम भी किया। वहीं कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव का सभी बच्चे और शिक्षक ने इसका भरपूर आनंद उठाया।



# बिजली गुल होने से परेशान हैं पाऊवारा के ग्रामवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ग्राम पंचायत पाऊवारा के नागरिक पिछले 15 दिन से बिजली गुल की समस्या से हलाकान है। पाऊवारा में विद्युत आपूर्ति अंडा से होती है एवं मेनटेनेंस उतई बिजली विभाग द्वारा किया जाता है जिससे आये दिन खराबी की समस्या होती है। अंडा लाईन में खराबी होने से अंडा बिजली विभाग पाऊवारा का कनेक्शन कांटकर अपने क्षेत्र का लाईन शुरू कर देते हैं और आगे फाल्ट की सूचना उतई में नहीं देते। ग्रामीण जनप्रतिनिधि के द्वारा सूचना देने पर उतई द्वारा स्टाफ कम होना बताकर काफी विलम्ब से मेनटेनेंस में आते हैं। इधर ग्रामीण भी आये दिन ट्रॉसफार्मर में फाल्ट से परेशान रहते हैं। आए दिन जिसे लेकर ग्रामीणों के बीच विवाद की स्थिति बनती रहती है। 24 घंटे में 10 से 15 बार लाईट का आना-जाना लगा रहता है जिसकी शिकायत जनप्रतिनिधियों के द्वारा कई बार उतई आफिस में किया जा चुका है, लेकिन अभी तक विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। यही स्थिति रही तो ग्रामीणजन विभाग के विरोध में उग्र आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे।

# स्पीड ब्रेकर नहीं होने से हो रहीं दुर्घटनाएं

**पाटन।** पाटन नगर में बने रोड पुराना दुर्ग रोड बाजार चौक को जोड़ने वाले फोर लैन रोड चर्चा का विषय था। पूर्व में बने रोड में ब्रेकर बना हुआ था। फोर लैन बनने के बाद सभी ब्रेकर को उखाड़ कर बराबर कर दिया है जिससे दुर्घटना घट रही है। दोपहिया वाहनों में अधिक घटनाएं घट रही है। स्पीड ब्रेकर नहीं होने के कारण रोड में अधिक एक्सीडेंट की शिकार बना रहता है। दुर्घटना को रोकने के लिए पीडब्ल्यूडी के द्वारा स्पीड ब्रेकर लगाना चाहिए जिससे दुपहिया वाहनों में होने वाली घटना को रोका जा सकता है। पुराना बाजार के व्यापारी ने बताया कि यहां पर पहले स्पीड ब्रेकर बना हुआ था जिससे स्पीड में आने वाले वाहनों के द्वारा कंट्रोल में था आपको बता दें कि यह रोड बहुत ही अधिक भीड़ भाड़ वाले सडकों में गिनती आती है क्योंकि यह रोड सड़ मंदिरा दुकान जाने का पहुँच मार्ग है मंदिरा प्रेमियों के द्वारा तेज रफ्तार से गुजने के कारण अधिक घटना होती है। नगर के व्यापारियों का कहना है कि पीडब्लूडी के विभाग के द्वारा स्पीड ब्रेकर लगाया जाए जिससे हो रही दुर्घटना को रोका जा सके।

- पीडब्ल्यू विभाग के अधिकारी से स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की


Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

श्री श्रेयन आयुर्वेद

Panchkarma & Wellness Centre

(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ जीवन का राज)

वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment

Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564

पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# रावघाट परियोजना में जुड़े 38 नए गांव, 22 युवाओं को आईटीआई प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के सीएसआर विभाग ने बफर जोन के और भी ग्रामों को सम्मिलित कर सीएसआर के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गतिविधियों और परियोजनाओं से भी जोड़ लिया है। अब रावघाट सीएसआर परियोजना के अंतर्गत आने वाले गाँवों की संख्या बढ़कर 60 हो चुकी है। बीएसपी द्वारा रावघाट माइंस क्षेत्र के 10 वीं पास युवाओं को रामकृष्ण मिशन आश्रम द्वारा संचालित, औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र नारायणपुर में 22 युवाओं का चयन किया गया है। युवाओं का चयन 2 वर्षीय निःशुल्क आवासीय आईटीआई प्रशिक्षण के लिए किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान इन युवाओं को बीएसपी द्वारा रामकृष्ण मिशन छात्रावास में छात्रावास की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। माइंस क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों में फोर्टिफाइड दूध का वितरण किया जाता है। 82 शासकीय विद्यालयों के लगभग 2500 विद्यार्थियों को प्रतिदिन 200 मिली फोर्टिफाइड दूध का वितरण किया जायेगा। युवाओ को रोजगार के लिए योग्य बनाने के लिए आईटीआई में भी प्रवेश प्रारम्भ कर दिया है। जिससे उन्हें भी रोजगार के समान अवसर उपलब्ध हो सकें। इसके तहत रावघाट परियोजना के बफर जोन ग्रामों को सम्मिलित किया गया है। नारायणपुर एवं कांकेर के अंतर्गत रावघाट खदान के समीपस्थ गाँवों में अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत विभिन्न सामाजिक कल्याण के कार्य कर रहा है।

## भिलाई इस्पात संयंत्र सीएसआर की पहल से ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

### 38 नए गाँव जुड़ने से लाभान्वित जनसंख्या में वृद्धि हुई है

सामाजिक बदलाव को लेकर अक्सर हम और आप सोचते है, कि हमारा समाज ऐसा बन जाए जहां ना गरीबी हो, ना भेदभाव, ना ही संसाधनों की कमी हो। हम अपने आसपास, अपने गांव, मोहल्ले में ऐसा बदलाव ला सकते हैं, जहां किसी चीज का आभाव ना हो। स्वास्थ्य सेवायें, शुद्ध पीने का पानी, टॉयलेट्स, अच्छा स्वास्थ्य, अच्छी शिक्षा, अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर आदि जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी ना हो। हमारी इसी सोच को और सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों के सपनों को आकार देते हुए सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रावघाट सीएसआर परियोजना के तहत इस तरह के सकारात्मक बदलाव लाने का जिम्मा अपने कंधो पर लिया है। साथ ही रावघाट सीएसआर विभाग ने रोजगार में भी अपना विस्तार करते हुए, वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान कर रही है, जिससे ग्रामीण युवा अपने परिवार का भरण पोषण कर सकें और वे उन्नति कर सकें।




### दिया लाइट व्हीकल प्रशिक्षण

रावघाट सीएसआर परियोजना के तहत स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए ड्रायविंग प्रशिक्षण दिया गया। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रावघाट सीएसआर परियोजना के तहत अक्टूबर 2023 को नारायणपुर क्षेत्र के समीपस्थ गाँव के 31 युवाओं को इंस्टिटयूट आफ ड्रायविंग एंड ट्रैफ़िक रिसर्च, ट्रेनिग सेंटर नया रायपुर में, निःशुल्क लाइट व्हीकल ड्रायविंग प्रशिक्षण दिया गया है। इस ड्रायविंग प्रशिक्षण से नारायणपुर के 31 युवाओं के मन में आत्म विश्वास जागा है और उन्हें रोजगार का एक उपयुक्त अवसर भी मिला है। 31 परिवारों को उनकी उन्नति तरक्की एवं समृद्धि की दिशा मिली है। युवाओं को ट्रेनिग सेंटर में भोजन सहित रहने की मुफ्त सुविधा भी प्रदान की जाती है। इस प्रशिक्षण के साथ ही साथ लर्निंग लाइसेंस से परमानेंट लाइसेंस बनाने तक की भी सुविधा भी प्रदान की गई है। वहीं 150 लोगों को आईटीआई प्रशिक्षित करने के बाद सेल-बीएसपी में रोजगार भी उपलब्ध कराया। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र, दल्ली-राजहरा से रावघाट रेल लाइन परियोजना के निर्माण में आर्थिक रूप से 100 प्रतिशत फंडिंग कर रहा है, जिसके लिए अब तक 1627 करोड में से 1350 करोड का आर्थिक भुगतान कर चुका है।

## खबर संक्षेप

### नेहरू हाउस में यादे मुकेश आज

**भिलाई।** प्रख्यात पार्श्व गायक मुकेश की पुण्यतिथि पर यादे मुकेश का आयोजन नेहरू सांस्कृतिक भवन सेक्टर 1 में मंगलवार को शाम किया जा रहा है। इस अवसर पर आशा इकबाल महिला पत्रकार सम्मान भी छत्तीसगढ़ 4 तथा अन्य 4 राज्यों की 5 महिला पत्रकारों को दिया जाएगा। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे तथा अध्यक्षता वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन करेंगे। सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के ईडी पवन कुमार होंगे। अध्यक्षता श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष आसिफ़ इकबाल की करेंगे।

### भाषा सरल व संप्रेषणीय हो: चौहान

**भिलाई।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई–दुर्ग की छमाही बैठक और वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास केंद्र के सभागार में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) एवं कार्यालयाध्यक्ष राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य), भोपाल हरीश सिंह चौहान थे। बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। ईडी पवन कुमार विशिष्ट अतिथि थे। श्री चौहान ने कहा कि वर्तमान में सभी भाषाएँ समावेशी हो गयी हैं। भाषा सरल एवं संप्रेषण सहज होना चाहिये। साथ ही उन्होंने संसदीय राजभाषा समिति के संभावित निरीक्षण के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। श्री दासगुप्ता ने कहा कि हिंदी में शत–प्रतिशत कार्यालयीन कामकाज करने के साथ संवैधानिक प्रावधानों का भी निष्ठापूर्वक पालन करना है। पवन कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी में कामकाज हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है। इसके लिये सभी संस्थान निरंतर प्रयासरत हैं, इन प्रयासों में और तेजी लाने की आवश्यकता है। सचिव सौमिक डे ने स्वागत भाषण और उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने प्रतिवेदन पढ़ा। राजभाषा नीतियों के अनुपालन में योगदान के लिए कार्मिकों को पुरस्कृत किया गया। उन्नायक पुरस्कार अनुराधा धनांक, उप मण्डल अभियंता, बीएसएनएल, दुर्ग व बीएसपी को राजभाषा शिखर पुरस्कार प्रदान किया गया। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ मंडल प्रबंधक (यूनाइटेड इण्डिया) भावना चाँदवानी ने किया।

## बीएसपी के गेटों में उपस्थित के समय आपाधापी

# बायोमेट्रिक: कर्मियों की उपस्थिति के बाद भी सिंगल पंचिंग दिखा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में फेस रीडिंग बायोमेट्रिक सिस्टम को लेकर यूनियनों का विरोध बढ़ता जा रहा है। । वहीं प्रबंधन आश्वासनों तक सिमटा हुआ है। यूनियनों के मुताबिक पंचिंग की समस्या के साथ समय पर उपस्थिति दर्ज कराने को लेकर बीएसपी के गेटों पर भी आपाधापी और भीड़ हो रही है। इसे लेकर सीआईएसएफ से भी बहस हो रही है।

सीटू यूनियन ने रेल मिल के मुख्य महाप्रबंधक से मिलकर बायोमेट्रिक में पंचिंग समस्या के तत्काल निदान की मांग है। यूनियन के मुताबिक पंचिंग की समस्या की अभी भी संयंत्र के अधिकांश विभागों से यह शिकायत आ रही है। कर्मियों द्वारा दोनों समय बायोमेट्रिक आधारित उपस्थिति दर्ज करने के लिए पंचिंग करने के बाद भी सिंगल पंच दिख रहा है। प्रबंधन जल्द से जल्द प्रोग्रामिंग सुधार लेने की बात कर रहा है। लेकिन उच्च प्रबंधन के स्तर पर कोई बातचीत नहीं है। रेल मिल में लगातार हो रहे गड़बड़ी को लेकर आज सीटू की मिल जोन की टीम रेल मिल के मुख्य महाप्रबंधक से मुलाकात किया एवं सभी विषयों को सिलसिलेवार उनके समक्ष प्रस्तुत किया कुछ विषयों पर ठोस कदम उठाने का आश्वासन तो मिला लेकिन स्थितियां कब तक दुरुस्त होगी अभी भी स्पष्ट नहीं है। समय पर उपस्थिति दर्ज कराने को लेकर कर्मियों आपाधापी से गेटों पर भीड़ व छिटपुट दोपहिया दुर्घटनाएं हो रही हैं।

### सीटू ने बीएसपी के जीएम से की चर्चा, जल्द निदान की मांग



### ड्यूटी शुरू होने के समय लोको मूवमेंट बंद रहेगा

रेल मिल के मुख्य महाप्रबंधक ने कहा कि वे ट्रैफिक डिपार्टमेंट के उच्च अधिकारियों से बात करेंगे कि ड्यूटी शुरू एवं खत्म होते समय रोड के ऊपर से गुजरने वाली रेल पटरी पर लोको मूवमेंट को बंद रखें। ताकि कर्मी निश्चिंत होकर बायोमैट्रिक अटेंडेंस लगाने के लिए आ जा सके। ज्ञात हो कि ड्यूटी शुरू होने एवं खत्म होने के समय संयंत्र के अंदर लगातार लोको मूवमेंट जारी है, जिसके कारण अव्यवस्था पैदा हो रही है इसकी शिकायत संयंत्र स्तर पर उच्च प्रबंधन को किया जा चुका है।

### कुछ कर्मियों का वेतन कटते बचा

यूनियन के मुताबिक कुछ कर्मियों का जुलाई महीने का सिंगल पंच को दुरुस्त नहीं किया जा सका, जिसके कारण 1 सितंबर को मिलने वाले वेतन में 3:30 घंटे का हाजिरी का पैसा कट जाएगा। पूछताछ में पता चला कि ऐसे लगभग 27 से ज्यादा कर्मी हैं, जिनका 3:30 घंटे की सैलेरी कटने वाली है। इस मामले में कर्मी स्वयं भी कार्मिक अधिकारी से मिले थे। लेकिन स्थिति जस की तस थी। इस कारण कर्मी आक्रोशित हो रहे थे। सीटू की टीम को कार्मिक अधिकारी ने बताया कि इस महीने की स्थिति को दुरुस्त कर लिया गया है। किसी का वेतन नहीं कटेगा।

### बिना ट्रायल के शुरू किया

तीन माह तक ट्रायल लेकर पूरी तरह से संतुष्ट होने के बाद बायोमेट्रिक सिस्टम को लागू किया जाना था। लेकिन ऐसा ना होने के कारण लगातार परेशानियां सामने आ रही है। सीटू ने कहा कि सभी कर्मियों को हर दिन अपनी हाजिरी देखना जरूरी है अन्यथा नजर हटी और दुर्घटना घटी वाले कहावत के तर्ज पर हाजिरी गड़बड़ हो जाएगी। इसका विपरीत असर हमारे वेतन पर पड़ेगा।

## एफबीडब्ल्यूपी से 260 मीटर लंबी रेल के 31 रेक रेलवे को भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



वित्त वर्ष में अब तक सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के साबरमती स्थित फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट (एफबीडब्ल्यूपी) से 260 मीटर लंबी वेल्डेड रेल पैनल के 19 रेक भारतीय रेलवे को भेजे जा चुके हैं। एफबीडब्ल्यूपी, साबरमती से अब तक 260 मीटर लंबी वेल्डेड रेल पैनल की 31 रेक रेलवे को भेजे जा चुके हैं, जिनमें वित्त वर्ष 2023-24 में भेजी गई 12 रेक शामिल हैं। 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल की पहली रेक नवंबर 2023 को साबरमती प्लांट से भेजी गई थी। वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक भेजी गई 19 रेक में जून में भेजी गई पांच रेक, जुलाई में भेजी गई पांच रेक और अगस्त 2024 में अब तक भेजी गई चार रेक शामिल हैं। साबरमती के एफबीडब्ल्यूपी में वेल्डिंग हेतु इनपुट रेल की आपूर्ति बीएसपी की रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल द्वारा 26 मीटर लंबाई में की जा रही है।

## मौसमी बीमारियों को रोकने अभियान

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्वास्थ्य अधिकारियो एवं कर्मचारियो द्वारा मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर-घर जाकर एवं नालियों में कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव किया गया।आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर लगातार मौसमी बिमारियो की रोकथाम हेतु निगम क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम भिलाई के स्वच्छता टीम द्वारा वार्ड 44 लक्ष्मी नारायण नगर में डेंगू, मलेरिया जैसे बिमारी से बचने अभियान चलाया गया। जिससे वहां के नागरिको को बरसात के दिनो में फैलने वाले बिमारियो से बचाया जा सके। बरसाती पानी के जमाव से डेंगू फैलता है, पानी में मच्छर पनपते है, जिसके काटने से मलेरिया होता है।

चेहरे की चर्बी घटायें
चेहरे की झुर्रियां व चर्बी का वेजर द्वारा ईलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

## शाश्वत प्रेम व आनंद से भरा हैं भगवान श्री कृष्ण का जीवन: सांसद विजय




**भिलाई।** ग्राम गाड़ाडीह में सोमवार को कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल पहुंचे। जहां भूतपूर्व विधायक स्व. दाऊ केजू राम के प्रतिमा में माल्यार्पण किया। वहीं सांसद विजय बघेल गाड़ाडीह पहुंचकर यादव समाज के श्रीकृष्ण-राधा के मंदिर पर पूजा अर्चना किया। तत्पश्चात हांडी फोड़ और दही लूट किया।

सांसद बघेल ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का जीवन शाश्वत प्रेम और आनंद से भरे हैं। उन्होंने कई लीला की है जिसके माध्यम से हमें जीवन जीने की सीख लेनी चाहिए। आगे बघेल ने जन्माष्टमी पर्व की बधाई दिया। मौके पर मौजूद जनपद सदस्य खिलेश यादव ने सांसद विजय बघेल का स्वागत तथा श्रीफल भेंटकर सम्मान किये साथ ही कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दानेश्वर वर्मा, पोशुराम निर्मलकर, मनहरण साहू, कृष्णा साहू, शारदा चंद्राकर, जानू यादव, नेहरू यादव, पुरनेश यादव, परमेश्वर यादव, होरी वर्मा, वाशु वर्मा, मुकुंद वर्मा, संजय चंद्राकर, पप्पू साहू, विनोद ठाकुर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सेक्टर 6 मैदान में फिर उखाड़े पौधे, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेक्टर 6 में बीएसपी के खाली मैदान में गत दिनों किए गए पौधारोपण के बाद फलदार पौधे उखाड़े जाने का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। आज मंगलवार को फिर पौधे उखाड़े जाने की घटना हुई। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

- जबरिया घुंसकर सुरक्षा के बांस, बल्ली भी उखाड़कर ले गए

पुलिस सूत्रों के मुताबिक सेक्टर 6 सड़क 13 के पास बीएसपी के खाली मैदान में पंद्रह दिन पूर्व लगाए गए कुछ पौधों को मंगलवार को जबरिया उखाड़ दिया गया। मामले की शिकायत नेशनल ह्यूमन वेलफेयर काउंसिल छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष तरुण कुमार निहाल द्वारा कोतवाल थाना सेक्टर 6 में की गई। पुलिस ने सेक्टर 6 निवासी आरोपी भानु मिली साहू और अन्य युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 329(3),324 और 3,(5) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। आरोपियों द्वारा 26 अगस्त मंगलवार को करीब 11.30 बजे खेल मैदान के मातृवाटिका में घुसकर फलदार पौधों को उखाड़ दिया गया। कुछ महिलाओं व बाहरी युवकों द्वारा सुरक्षा के लिए लगाए गए बांस बल्ली को भी उखाड़कर ले गए। इसके पूर्व भी यहां के पौधों को उखाड़े जाने और अवैध कार्य किए जाने की शिकायत पुलिस, वन विभाग व बीएसपी से की गई थी। तरुण निहाल ने बताया कि सेक्टर 6 मैदान में 11 अगस्त को नेशनल ह्यूमन वेलफेयर एसोसिएशन व देव मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा श्रमिक नेता गजेंद्र सिंह सहित विभिन्न यूनियनों और बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों आदि प्रतिष्ठित लोगों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत छायादार, फलदार व औषधीय पौधे लगाए गए थे। लेकिन इसके पूर्व 21 अगस्त को भी वार्ड के कुछ लोगों द्वाराजबरिया पेड़ उखाड़े जाने की गजेंद्र सिंह की शिकायत पर 18 अगस्त को सीएसपी सूर्यकांत तिवारी व एसडीएम ने सेक्टर 6 मैदान पौधारोपण स्थल का निरीक्षण कर वार्ड पार्षद सेवन ठाकुर व पूर्व पार्षद सूर्यकांत सिन्हा को आगे पेड़ नहीं उखाड़ने और बीएसपी की अनुमति के बिना किसी तरह अवैध कार्य नहीं करने की सख्त समझाईश दी थी। इसके पूर्व बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के अधिकारियों ने भी भिलाई निगम कमिश्नर व पूर्व वार्ड पार्षद को पत्र देकर ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजरने का संदर्भ देते हुए बिना बीएसपी से एनओसी लिए किसी तरह का निर्माण कार्य नहीं करने की बात कही थी।

### श्रमिक नेता गजेंद्र सिंह की हालत में सुधार

सेक्टर नौ हास्पिटल में उपचारार्थ भर्ती पूर्व इंटक व श्रमिक नेता गजेंद्र सिंह की हालत में सुधार हो रहा है। श्री सिंह 22 अगस्त को सेक्टर 6 सड़क 13 मैदान में अवैध कार्य किए जाने और पेड़ उखाड़े जाने के मामले की जानकारी बीएसपी नगर सेवाएं कार्यालय देने के बाद पैदल इस मामले की वस्तुस्थिति सांसद विजय बघेल को देने उनके सेक्टर 5 निवास जा रहे थे। इस दौरान अज्ञात बाइक सवार ने 78 वर्षीय गजेंद्र सिंह का पीछे से ठोकर मारकर कर गिरा दिया और उनका मोबाईल व फाइल छीनने की कोशिश की थी, जिसके बाद उन्हें इस अस्पताल में भर्ती किया गया था। उन्हें हाथ, पांव में चोट व हिल में एयर क्रेक हुआ था। श्री सिंह से मिलने कल बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव परविंदर सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव मोहनलाल गुप्ता, यूनियन के आरएस ठाकुर, भिलाई व्यापारी संघ के अध्यक्ष केएन प्रेमनाथ व टुल्लू श्रीवास्तव आदि पहुंचे।

Care With Confidence
(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
• सिर दर्द (माईग्रेन)
• मिर्गी • लकवा
• ब्रेन ट्यूमर
• ब्रेन हेमरेज
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

## देवदास बंजारे लोककला महोत्सव व वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन

# छग की लोककला काफी समृद्ध: सांसद विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुरखा के सुरता जनकल्याण समिति भिलाई द्वारा देवदास बंजारे लोककला महोत्सव, वैचारिक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन कालिका मंच उतई में किया गया। लोककला महोत्सव में छत्तीसगढ़ के कलाओं को संजोने के साथ पंडवानी, पंथी, ढोलामारू, भरथरी, हास्य प्रहसंग, करमा, ददरिया, लोकमंच अंतश जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल थे। अध्यक्षता अहिवारा विधायक राजमहन्त डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने की। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, जिला मंत्री रोहित साहू, सांसद प्रतिनिधि पप्पू चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष




फत्तेलाल वर्मा, शैलेंद्र शेंडे, गीता बंजारे, गौकरण दास बघेल, दिनेश जांगड़े, दिलीप बंजारे विशेष अतिथि थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वागत भाषण में महोत्सव के संयोजक डॉ. राधेश्याम बारले ने राज्य सरकार से लोक कलाकारों को जीविकोपार्जन के लिए पेंशन देने की मांग की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा कि छग की लोककला काफी समृद्ध है। पंथी कलाकार देवदास बंजारे ने पंथी को देश विदेश में पहचान दिलाई। उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि पंथी को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में जो काम देवदास बंजारे ने किया है उसके जैसे अन्य कोई व्यक्ति नही कर सकता इसलिए देवदास बंजारे पंथी के कुटुंब मीनार से भी ऊंचा कार्य किया है। कार्यक्रम को अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, भाजपा जिला मंत्री रोहित साहू ने भी संबोधित किया। लोकगायक सुनील सोनी, अलका, कविता वासनिक सहित पंथी दलों ने समां बांधा। प्रदेश स्तर के लोक गायक सुनील सोनी, कविता वासनिक जैसे अनेक कलाकारो ने लोक महोत्सव में धूम मचाई। लोगो ने खूब सराहा, इसके साथ पंथी दल की प्रस्तुति, भरथरी, बांसुरी वादन, कर्मा, ददरीया जैसे सांस्कृतिक प्रस्तुति की भी मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

## पीपीसी विभाग में संचार मंच का सफल आयोजन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के संयंत्र भवन में प्रोडक्शन प्लैनिंग एवं कंट्रोल विभाग (पीपीसी) ने कार्मिको में राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिये संचार मंच का आयोजन किया। अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक तुषार कांत की। उन्होंने कहा कि रिश्वत रोधी प्रबंधन प्रणाली की जानकारी प्रत्येक कार्मिक को होना आवश्यक है और एबीएमस का पालन करना हम सभी की नैतिक एवं प्रशासनिक जिम्मेदारी है। उप महाप्रबंधक वीके जायसवाल ने सेल के रिश्वत रोधी प्रबंधन प्रणाली जानकारी दी और नैतिक दायित्वों से अवगत कराया। शंकर लाल देवांगन ने उत्पादन संबंधित तकनीकी प्रस्तुति दी। वक्तासहायक महाप्रबंधक जया रॉय, जूनियर आफिसर उपेन्द्र कुमार शर्मा तथा साजिद खान थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024, 18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 11 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024 14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024 02 मई से 16 मई 2024
राशि:-स्लीपर -17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
Jai Mata Di Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:–7354–411411

हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 27 अगस्त 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129

04



ग्रीन आउटफिट्स, सिंपल एंड सोबर

लाइव इवेंट

## कार्यकारिणी घोषित, भिलाई से बी जोगाराव उपाध्यक्ष बने



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ तेलुगु महासंघम की प्रांतीय बैठक आंध्रा एसोसिएशन देवेंद्र नगर रायपुर में हुई। इसमें कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। महासचिव बी.तुलसीराव ने उपस्थित सदस्यों को स्वागत किया। प्रांताध्यक्ष आर. मुरली की अध्यक्षता में कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर बस्तर जिला अध्यक्ष एम. जयंत नायडू चुने गए। उपाध्यक्ष पद पर बिलासपुर से बी. वेणुगोपाल राव (अध्यक्ष संयुक्त तेलुगु समाज), भिलाई से बी.जोगाराव (अध्यक्ष भिलाई तेलुगु समाज), रायपुर से टी.श्रीनिवास रेड्डी (उपाध्यक्ष आंध्रा एसोसिएशन) को नियुक्त किया गया। उप महासचिव पद पर रायपुर से एस. गणेश,सचिव जगदलपुर से के. सुब्बाराव, भिलाई से सीएच श्रीनिवास, बिलासपुर से आर.मनोरथ बाबू एवं रायपुर से एके श्रीनिवास मूर्ति चुने गए। कार्यकारिणी सदस्यों में कोरबा से पी. आदिनारायणा, भिलाई से कोंडप्पा वेंकटराव, टीवी नागेश्वर राव एवं एम. जानकिराव, जगदलपुर से के. यशवर्धन राव एवं वीरराजू, बिलासपुर से जी.रविकन्ना,रायपुर से एन.एन.राव, सीएच भीमाराव, टी. यादव राव, डी.ईश्वर राव को चुन लिया गया है।

सिटी इवेंट

## 22 छात्राओं ने दिया 3-3 मिनट का भाषण, विजेता सम्मानित



**भिलाई।** वनवासी विकास समिति से संबद्ध संस्था भिलाई महिला समिति विज्ञान विकास केंद्र सिविल लाईन दुर्ग में जनजातीय छात्राओं के बीच तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसके अलावा युवती चेतना शिविर भी लगाया गया। इसमें निर्णायक नेहा वर्मा, अनिता सिंह एवं डॉ. शिल्पा कुलकर्णी थे। अतिथियों का स्वागत पौधे, वनबंधु पत्रिका एवं प्रतीक चिन्ह देकर किया गया। प्रस्तावना में कल्याण आश्रम की जानकारी नीलिमा सगदेव ने दी। इसके बाद प्रतिस्पर्धा में 22 छात्राओं ने अपनी चिट में मिले विषय पर 3 मिनट में अपने-अपने विचार रखे। सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया। छात्राओं ने हल्की-फुल्की प्रश्नोत्तरी का आनंद लिया। सही उत्तर पर पेन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन तृप्ति देव ने किया। आभार प्रदर्शन वासंती नरडे ने किया। इस अवसर पर जनजातीय नायकों की चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम में 230 छात्राओं की उपस्थिति रही। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

■ वनवासी विकास समिति का आयोजन

सिटी इवेंट

## एक दिन में 31 फिल्में दिखाई गई 6 कैटेगरी में 18 हुईं सम्मानित



**भिलाई।** भिलाई में संभवतः पहली बार इमेजिनेशन फिल्म्स इंटरनेशनल फेस्टिवल-2024 का आयोजन किया गया। इसमें एक दिन में अलग-अलग कैटेगरी की 31 फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। इसमें 18 फिल्मों को सम्मानित किया गया। वहीं 4 फिल्मों को जूरो द्वारा पुरस्कृत किया गया। फिल्मों की प्रदर्शनी का उद्घाटन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्माता और निर्देशत मनोज वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर की। आईएएस महादेव कावरे ने पुरस्कार वितरित किया। उन्होंने अपने जीवन की कुछ महत्वपूर्ण बातें भी साझा की। इस अवसर पर अंजनेया विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. टी. रामा राव, डॉ. अशोक बैरागी, सुनील रामटेके, संजय सिंह प्रमुख रूप से मौजूद थे। आयोजक रजत चावरे ने बताया कि आयोजन को लेकर 6 कैटेगरी तय थी। इसमें बेस्ट शार्ट फिल्म इन इंडिया, शॉर्ट फिल्म इन इंटरनेशनल, डाक्यूमेंट्री, बेस्ट एक्सपेयरिमेंटल फिल्म, म्यूजिक वीडियो और बेस्ट डायरेक्टर शामिल थी। इसके आधार पर ही 31 फिल्मों से 18 फिल्मों का चयन किया गया। आगामी दिनों में इस तरह के और भी आयोजन की तैयारी की जा रही है। फेस्टिवल में भारत और विदेशों से आई विभिन्न श्रेणियों की फिल्मों का प्रदर्शन हुआ। इसमें डॉक्यूमेंट्री, शॉर्ट फिल्म्स, बेस्ट डायरेक्टर, और बेस्ट एक्सपेरिमेंटल शॉर्ट फिल्म जैसी श्रेणियां शामिल थीं। विभिन्न भाषाओं में फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें हिंदी, अंग्रेजी, चत्तीसगढ़ी, स्पेनिश, जर्मन, और अन्य शामिल थीं। जूरी में अखिलेश पांडे, शिवम अरुण कुमार पटनायक, और डॉ. आरती पांडे मौजूद थे।

● जन्माष्टमी की धूमः दुर्ग-भिलाई के राधा-कृष्ण मंदिर, गोपाल मंदिर में भगवान का जन्मोत्सव मना

# नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल कीः अक्षय पात्र में नौका विहार, महेश कॉलोनी में गरबा, थिरके भक्त

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सोमवार को पूरे दिन कृष्ण मंदिर में भगवान के जन्म की तैयारियां चलते रहीं। महेश कॉलोनी दुर्ग में नवधा रामायण पाठ के साथ जहां विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया गया। वहीं शाम के समय रास-गरबा का आयोजन किया गया। देर रात 12 बजे तक अलग-अलग तक कार्यक्रम हुए। इधर देर शाम अक्षय पात्र सेक्टर- 6 भिलाई के राधा-कृष्ण मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण का विशेष अभिषेक किया गया। यहां रात में जन्मोत्सव से पहले प्रभु की प्रतिमा का नौका विहार कराया गया। मंदिर परिसर में ही बने कृत्रिम कुंड में नाव पर मंत्रोच्चार के साथ भगवान को विराजित किया गया। यह विधि आधे घंटे चली। इससे पहले रात करीब 8 बजे भगवान की आरती उतारी गई। पठ खोलने और बंद करने की परंपरा निभाई गई।

**दुर्ग-भिलाई।** इस वर्ष के कृष्ण जन्माष्टमी खास मानी गई है। द्वापर युग में जब भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था, उस दौरान जो शुभ योग थे, लगभग इस बार भी वैसे ही योग बने हैं। पंडितों के अनुसार भगवान कृष्ण के जन्म के समय छह तत्व हैं। भाद्र कृष्ण पक्ष, रात 12 बजे, अष्टमी तिथि, रोहिणी नक्षत्र, वृष राशि में चंद्रमा, इनके साथ सोमवार या बुधवार का होना है। भगवान का जन्म सोमवार या बुधवार में से किसी भी दिन हुआ हो, पंडित दोनों दिवसों को उनके जन्म के लिए शुभ दिवस मानते हैं। इसी प्रकार जन्माष्टमी पर 26 अगस्त को भाद्रपद श्रीकृष्ण पक्ष, सोमवार रात 12 बजे वृष लग्न रहा। चंद्रमा वृष राशि में गोचर रहे। साथ ही रोहिणी नक्षत्र रात 9 बजे से प्रारंभ हो गया, जो अगले दिन यानी मंगलवार की दोपहर तक रहेगा। गुरु ग्रह भी वृष राशि में ही गोचर कर रहे हैं। इस तरह द्वापर में श्रीकृष्ण के जन्म के दौरान जो शुभ योग थे, उनमें से चार- रोहिणी नक्षत्र, अष्टमी तिथि, चंद्रमा वृषभ में और लग्न भी वृषभ के साथ विद्यामान रहे। दुर्ग और भिलाई शहर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सभी राधाकृष्ण मंदिरों में अभिषेक व पूजा के आयोजन हुए। वहीं कुछ जगहों पर सोमवार को ही दही-हांडी का आयोजन किया गया।







### बोली लगाकर संस्कार देने हेतु राशि संग्रहित की गई

कृष्ण जन्माष्टमी का महापर्व जैन भवन में मनाया गया। हर्ष और उल्लास के वातावरण में जय आनंद मधुकर रतन भवन बांदा तालाब में छोटे-छोटे बच्चों की शानदार प्रस्तुति दी। बच्चियों राधा के रूप में तो बच्चे कृष्ण के रूप में जय आनंद मधुकर रतन भवन में सजधज कर आए थे। छोटे-छोटे बच्चों ने मार्मिक संदेशों के साथ अपनी शानदार प्रस्तुति दी। परिसर में एक हांडी लटकाई गई थी। जिसके अंदर छोटे-छोटे व्रत एवं संकल्प लिखे गए थे, यह संकल्प दैनिक दिनचर्या में सभी को पालन करने हेतु प्रण दिलाया गया। जिससे हमारे अंदर दान धर्म करने की भावना लगातार जागृत रहें। तप की हांडी निकालने के लिए धर्म सभा में धर्म सभा में बोली लगाई गई। बोली 5100 से प्रारंभ होकर 56000 में समाप्त हुई। धर्म सभा को साध्वी सु मंगल प्रभा, साध्वी सुविद्धि श्री जी साध्वी रजत प्रभा जी ने संबोधित किया। भगवान कृष्ण के जीवन चरित्र का वर्णन करते हुए अनेक रोचक जानकारी दी। साध्वी श्री ने कहा कि आने वाले भव में 24 तीर्थंकरों में श्री कृष्ण भी हमारे तीर्थंकर के रूप में पूजे जाएंगे।

### इंदिरा नगर में मनी जन्माष्टमी



हेमशंकर उमरे ग्रामवासी ने बताया कि इंदिरा नगर चिखली दुर्ग में कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसके अलावा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### स्मृति नगर में दही-हांडी, शिवपारा की टोली ने फोड़ी मटकी

**भिलाई।** स्मृति गृह निर्माण सहकारी संस्था द्वारा सोमवार को वन्दे मातरम् उद्यान स्मृति नगर में दही-हांडी का आयोजन किया गया। संस्था द्वारा पहली बार आयोजित इस कार्यक्रम में 35 फीट ऊंचाई पर बंधी दही-हांडी को शिव पारा दुर्ग की टोली ने तोड़ा। भव्य ध्वनि व प्रकाश व्यवस्था के साथ भारी संख्या में उपस्थित लोगों के बीच गोविन्दा की धुनों पर भक्त झूमते रहे। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष राजीव चौबे, सुरेंद्र सिंह, लक्ष्मीश्री चटर्जी, रीता तिवारी, आरती अरोड़ा, संदीप चौधरी, संदीप रामटेक, संजय मदनाल, देवब्रत चौधरी, अमित देशमुख, केके द्विवेदी, राजेश चटर्जी, डॉ. राजीव पाल व शिखर तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेखा मदनाल ने किया।







### महेश कॉलोनी में पूरे दिन पूजा-अर्चना, पहुंचते रहे भक्त

जन्माष्टमी के अवसर पर महेश कॉलोनी दुर्ग स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में नवधा रामायण पात्र और विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को 5 हजार से ज्यादा भक्त इस आयोजन में शामिल हुए। जोधपुर के पं. गोपाल आसोपा और पं. सुशील आसोपा ने श्रद्धालुओं को नवधा रामायण का सामूहिक पाठ कराया। इस दौरान भक्तों ने दोनों हाथ ऊपर उठाकर भगवान राम, श्रीकृष्ण, भगवान विष्णु का स्मरण किया। सोमवार की सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन हुए। सुबह 6 बजे प्रभातफेरी निकाली गई। इसके बाद 7 बजे से मंगला आरती, सुबह 8.30 बजे से महाभिषेक, 9.30 बजे से ध्वजारोहण, 11.30 बजे से छप्पन भोग, शाम 5 बजे से रास गरबा का आयोजन किया गया। वहीं रात 12 बजे भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया।

सांसद विजय ने कहाः कर्म व जन्मभूमि के लिए रहें तैयार

# देश में होने वाले श्रेष्ठ रिसर्च सम्मानित, फुंडा पाटन के 104 गांवों में सिंचाई और हेल्थ पर हो रहे अनुसंधान

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** सस्टेनेबल इंडिया द्वारा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन आईआईटी भिलाई में किया गया। इसमें सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि थे। सिंगापुर के शिक्षक मिस्टर टाम एवं आईआईटी के डायरेक्टर प्रोफेसर राजीव प्रकाश ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अरविन्द योग व नॉलेज फाउंडेशन के फाउंडर डॉ. इंद्राणी ने कहा कि जब हम अपनी चेतना का विकास करेंगे तभी हम अरविन्द के संपूर्ण जीवन योग को अपने जीवन में उतार पाएंगे।



### उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्था और व्यक्ति सम्मानित

आयोजन में देश को बचाने के लिए कार्य करने वाली संस्था और व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। मुख्य रूप से रिसर्च को प्रमाण पत्र व मेंडल देकर सम्मानित किया गया। इसमें असम, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, विभिन्न राज्यों से आए हुए रिसर्चर को सम्मानित किया गया। सभी ने अपने रिसर्च एवं जीवन के बारे में सभी लोगों के साथ साझा किया। प्रजेंटेशन में सभी ने उनके रिसर्च को जाना और व उनसे बहुत कुछ सीखा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए श्री अरविंदो फाऊंडेशन से मीनाक्षी पटेल, डॉ. किरण बाला, बाल मुकुंद, भुमिका, अर्चना, स्वाती ने अपना योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा कृति ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मीनाक्षी ने प्रस्तुत किया।
आईआईटी के डायरेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ अपने आप में एक सम्पूर्ण राज्य है। समय है कि इनको एकत्रित करना व सिंचित ज्ञान को किस तरह से आईआईटी से जोड़ा जाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर राज्य में एक आईआईटी की कल्पना इसी बात को ध्यान में रख कर की है। डायरेक्टर डॉ. समरेन्द्रु घोष ने बताया कि हम पाटन के फुण्डा गांव के आसपास 104 गांव में चिकित्सा व सिंचाई के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। सिंगापुर से आए हुऐ टाम स्माहोन ने कहा कि हम सबसे विकसित देश हैं। परन्तु हमें भारत से जमीन से जुड़ने की कला को सिखनी चाहिए।

### श्री अरविंदो की संस्था के कार्य की प्रशंसा हर तरफ

सांसद विजय बघेल ने कहा कि अरविंदो की संस्था ने मेरी जन्म भूमि, कर्म भूमि पाटन के ग्राम फुण्डा से इसकी शुरुआत की है। ऐसे बहुत से लोग हैं, जो इनके कार्य से प्रभावित हुए हैं। आज की आवश्यकता है जो रास्ता हमें दिखाए गए हैं, उस रास्ते पर चलते हुए उस उद्देश्य की पूर्ति के लिए ये गांव सर्वदा तत्पर है। खास कर छत्तीसगढ़ की बात करें, तो जो भगवान राम का ननिहाल है। भगवान राम वनवास में थे, सबसे ज्यादा समय यहां बिताए। जब वो वनवास में थे खास कर हमारे छत्तीसगढ़ में इस तरह की बहुत सी संभावना हैं। राजीव प्रकाश ने कहा कि है होनहार बच्चे टेक्निकल ज्ञान रखने वाले वर्तमान के स्थिति में होने वाले हैं। भगवान ने हमें प्रकृति में हमें मानव जीवन दिया है। उनके संरक्षण और संवर्धन को जानने और पहचानने की आवश्यकता है।

सिटी इवेंट

## तीज मिलन महोत्सव मना महिलाओं ने लगाया स्टॉल



भिलाई। रिसाली नगर निगम के अंतर्गत आने वाला एचएससीएल कॉलोनी स्टेशन मरोदा के दुर्गा मंदिर प्रांगण में उन्नति महिला स्व सहायता समूह स्टेशन मरोदा द्वारा तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन में महिलाओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। तीज मिलन कार्यक्रम में रिसाली नगर निगम के अंतर्गत 30 महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं को सम्मानित किया गया। समूह की महिलाओं ने स्व निर्मित सामग्रियों की प्रदर्शनी सह बिक्री के लिए स्टॉल लगाया। समूह की महिलाओं ने तीज मिलन गीत में डांस कर छत्तीसगढ़ी परंपरागत सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग किया। आयोजनकर्ताओं महिलाओ ने उनका सम्मान किया। तीज मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री रमशीला साहू प्रमुख रूप से शामिल हुईं। अध्यक्षता रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने किया। विशेष रूप से लोकार्पण समिति छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष इस्माईल खान, पार्षद विनय नेताम, रेखा देवी, सोनिया देवांगन, ममता सिन्हा, गजेंद्री कोठरी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। भगवान शिव के चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तीज मिलन समारोह में बसंती साहू, पुष्पा साहू, सुनीता देशलहरे, रीमा पटेल, आरती देवांगन, हेमलता पाटिल द्वारा अतिथियों को सम्मानित किया गया।

**महिला समूह ने स्व निर्मित सामग्रियों की प्रदर्शनी सह बिक्री के लिए लगाई स्टॉल**

### इन महिला स्व सहायता समूहों का हुआ सम्मान

आयोजन में मां भुनेश्वरी महिला स्व सहायता समूह, महिला जागरण स्व सहायता समूह, मां कर्मा महिला स्व सहायता समूह, जागृति महिला स्व सहायता समूह, यशस्वी महिला स्व सहायता समूह, शिवन्या महिला स्व सहायता समूह, वाणी महिलाए सहयाता समूह, मां गोरी महिला महिला समूह की हेमलता सिन्हा, रश्मि जांघेंल, निषाद महिला स्व सहायता धर्मबती निषाद, राधे कृष्णा महिला समूह की उषा जांघेंल, मीनाक्षी जंघेल, जागरूकता महिला समूह ननकी विभार, तेजा देवांगन, नया सबेरा महिला समूह की धर्मशिला देवी, वंदना महिला समूह की महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी गीत में डांस किया। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा स्व निर्मित सामग्रियों का प्रदर्शनी सह बिक्री करने स्टाल लगाई। रमशिला साहू ने कहा कि आज समाज में महिला घर के साथ बाहर के कार्य में निपुण होते जा रही हैं। महिला ही समाज और परिवार को सशक्त बना रही हैं। इस्माईल खान ने कहा कि संस्था द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन नवीन सिन्हा ने किया। आभार उन्नति महिला स्व सहयता समूह की अध्यक्ष बसंती साहू और पुष्पा साहू ने किया।



स्पोर्ट्स लाइव

## 22वें छग प्रदेश भारोत्तोलन प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन




भिलाई। भिलाई छत्तीसगढ़ प्रदेश भारोत्तोलन संघ रायपुर द्वारा आयोजित महाराष्ट्र मंडल सेक्टर 4 पावर हाउस भिलाई में 22वां छत्तीसगढ़ प्रदेश भारोत्तोलन प्रतियोगिता की विधिवत शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई।इस अवसर पर मुख्य अतिथि छ.ग. प्रदेश वेटलिफ्टिंग संघ अध्यक्ष विजय बघेल एवं दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर उपस्थित थे। अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि जीवन में खेलों का महत्व सिर्फ फिटनेस तक ही सीमित नहीं है। इसके कई फ़ायदे भी हैं, जिसमें ख़ाली समय का उत्पादक उपयोग होता है और यह मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी मदद करता है। खेल के महत्व के विषय में हम सभी जानते है कि एक छात्र का समग्र विकास एक सफल जीवन का आधार है और खेलों में भाग लेने से उनमें आवश्यक क्षमताएं विकसित होती हैं जो उन्हें जीवन के सभी उतार-चढ़ावों से उबारने में मदद करती हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से दुर्ग लोकसभा सांसद व अध्यक्ष छग प्रदेश वेटलिफ्टिंग संघ विजय बघेल, कार्यकारी अध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना, महासचिव राजेश जंघेल, उपाध्यक्ष शशिकांत बघेल, जयंत बागची, संतोष जाधव, परमिंदर सिंग, बसीर खान, राजेश पटनायक, सहीराम जाखड़ सहित समस्त खिलाड़ी उपस्थित थे।

- भारोत्तोलन प्रतियोगिता में शामिल हुए विधायक ललित चंद्राकर
- सांसद विजय ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला



● प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि सेक्टर 7 व बघेरा आनंद सरोवर में झांकियों का आयोजन


# यशोदा ने कृष्ण को पेड़ से बांधकर परमात्मा को प्रेम की डोर में बांधने का दिया संदेश, मनाई जन्माष्टमी

भिलाई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम और बघेरा स्थित आनंद सरोवर में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। जन्माष्टमी के अवसर पर सेक्टर 7 में 26 अगस्त से 1 सितंबर तक एवं बघेरा में 25 से 27 अगस्त तक झांकियों का निशुल्क आयोजन किया गया है। जिसे देखने लोग काफी संख्या में पहुंच रहे है।



### भगवान प्यार और भावनाओं के बंधन में बंधते है

झांकी के माध्यम से संदेश दिया गया कि भगवान जो संबंध निभाता है वैसा और कोई निभा नहीं सकता है। इसे भक्त शिरोमणि मीरा, कृष्ण सुदामा की मैत्री के रूप में दर्शाया गया। झांकी में शेर और गाय को एक घाट का पानी पीते हुए दिखाया गया, जो यह दर्शाता है कि संसार में एक समय सतयुग में आपसी प्रेम, दैवीय गुण, संस्कारो से सुशोभित थी। डिवाइन ग्रुप के बच्चों ने गुणों से भरी कृष्ण राधे वाली दुनियां प्यारी है गीत पर रास करके सभी को खुशी और उमंग से भर दिया। सेक्टर 7 में ओयजित सात दिवसीय यह झांकी सभी के लिए निशुल्क शाम 6 बजे से 9.30 बजे तक आयोजित की गई है।





### लाइट एंड साउंड शो में दिखाया गीता का ज्ञान

सेक्टर 7 में आयोजित झांकी में कृष्ण के बाल लीलाओं से लेकर महाभारत युद्ध में अर्जुन को गीता ज्ञान देते हुए लाइट एंड साउंड शो, पानी के झरनों से सुसज्जित मनोहारी झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

### बांधने वाले से बंधने वाला बड़ा

झांकी में दिव्यता की शक्ति से विकारों पर विजय के साथ संस्कार मिलन की रास, मईया यशोदा को कृष्ण को पेड़ से बांधने का भाव विभोर करने वाला दृश्य सभी को संदेश दे रहा है की हम सभी परमात्मा को प्रेम की डोर में बांध सकते हैं, जिसमें वह भी खुशी-खुशी बंध जाते हैं। भगवान हमारा बच्चा बनकर हमारे निस्वार्थ प्रेम में बंधकर बांधने वाले से बढ़कर बंधने वाला बड़ा बन जाता है।

### भगवान कृष्ण से सीखीं 16 कलाएं,दिया गीता का संदेश

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में 25 से 27 तक आयोजित राधे-कृष्ण की चैतन्य झांकी का उद्घाटन प्रेम कुमार, रुचिका जैन, कमलेश पवार और आरएल ठाकुर ने किया। इस दौरान प्रेम कुमार ने अपने उद्बोधन में कृष्ण के गीता संदेश की बातें कहते हुए कहा कि मनुष्य अपने पाप-पुण्य कर्मों का स्वयं भागी होता है जिसका फल उसे भोगना ही पड़ता है। रुचिका जैन ने आनंद सरोवर के अलौकिक शांति के अनुभव को शेयर किया। आरएल ठाकुर ने चैतन्य झांकी के पूर्व देखे गए वीडियो के अनुभव व सीख के बारें में बताते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी का कोई भी सेंटर अलौकिक स्थान है, जहां जाने से मन शांति और आनंद से भर जाता है।





### हमारा हर कर्म कलायुक्त हो, बनेंगे विशिष्ट

ब्रह्माकुमारीज की मुख्य संचालिका रीटा बहन ने कहा कि जन्माष्टमी के अवसर पर हमें अपने जीवन में धर्म को मुख्य महत्व देना चाहिए। धर्म जीवन की धारणाएं हैं, जो कि वास्तविक धर्म है और यह पवित्रता सुख, शांति, आनंद, प्रेम हमें स्वयं के साथ-साथ दूसरों में भी यह अच्छी लगती है। ब्रह्माकुमारी रूपाली ने कहा कि हमें भगवान कृष्ण की 16 कलाओं की बातें सीखनी चाहिए। श्री कृष्ण का हर कर्म कलायुक्त होता था जिसे ही 16 कला संपूर्ण कहा जाता है। जब हम परमात्मा की याद में हर कर्म करते हैं तो हमारा हर कर्म कलायुक्त अर्थात विशिष्ट होता है। आनंद सरोवर में ध्वनि एवं प्रकाश से सुस्सजित कृष्ण लीलाओं की झांकी के आज अंतिम दिन शाम 6.30 बजे से रात्रि 10.30 बजे तक रखा गया है। तनाव मुक्त जीवन के लिए राजयोग मेडिटेशन 28 अगस्त से सात दिवसीय निःशुल्क राजयोग शांति अनुभूति शिविर का आयोजन सुबह 7.30 से 8.30 बजे एवं शाम 6.30 से 7.30 बजे तक किया गया है।

# उच्च शिक्षा व शोध का आदान-प्रदान करने ओएमयू में हुए हस्ताक्षर, शोधार्थियों को मिलेगा लाभ

भिलाई। भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग और शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ के बीच शैक्षणिक और अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने अनुबंध (ओएमयू) पर हस्ताक्षर हुआ। भारती विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बी.एन. तिवारी और शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ के कुलपति डॉ. एल.पी. पटेरिया ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस अनुबंध का उद्देश्य दोनों संस्थानों के मध्य पारस्परिक शैक्षणिक और अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर भारती विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुशील चन्द्राकर ने कहा कि इस अनुबंध से दोनों संस्थाओ के बीच अनुसंधान, ज्ञान, कौशल, और बौद्धिक संपदा का आदान-प्रदान होगा। कार्यक्रम के आरंभ में डीन अकादमिक डॉ. आलोक भट्ट ने अतिथियों का स्वागत किया और विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे जानकारी दी। भारती विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बी.एन. तिवारी ने कहा कि इस अनुबंध से शोधार्थियों, विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को लाभ मिलेगा। इससे उच्च शिक्षा, शोध सहित सांस्कृतिक व सह-शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।




- दो विश्वविद्यालयों के बीच हुआ ओएमयू में हस्ताक्षर, उच्च शिक्षा, शोध व अनुसंधान का होगा आदान-प्रदान

### अनुबंध से दोनों विश्वविद्यालयों को मिलेगी नई दिशा

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एलपी. पटेरिया ने कहा कि इस अनुबंध के माध्यम से दोनों विश्वविद्यालयों ने एक साथ काम करने के निर्णय लिया है, इससे एक नए अध्याय की शुरूआत हुई है और भविष्य में भी एक-दूसरे का अकादमिक सहयोग हम करते रहेंगे। उन्होंने इस अनुबंध से दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों और शोधार्थियों को लाभ मिलने की उम्मीद जताई। शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. इंदू अनंत ने इस अनुबंध से दोनों विश्वविद्यालयों को नई दिशा मिलने की बातें कहीं। भारती विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र कुमार स्वर्णकार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नम्रता गेन, समन्वयक आई.क्यू.ए.सी. सेल ने किया। इस अवसर पर चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर प्रभजोत सिंग भुई, ग्रुप डायरेक्टर घनश्याम साहू, प्रो. डी.सी. परसाई, डॉ. स्वाती पाण्डेय, डॉ. प्रतिभा कुरूप, डॉ. एस.के. ताम्रकर, प्रो. एलपी भुईया, डॉ. मनोज कुमार मौर्य, डॉ. अजय सिंह, डॉ. शोभा सिंह ठाकुर सहित विभिन्न संकायों के डीन, विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण और गैर-शैक्षणिक स्टॉफ उपस्थित थे।

## पुलिस विभाग में सेवा देते हुए 19 साल को यादगार बनाने लगाए पौधे



भिलाई। आज 2005 बैच के दुर्ग पुलिस बल के पुलिस विभाग में सेवा के शानदार 19वीं सालगिरह में आज एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पुलिस लाइन दुर्ग में डीएसपी चंद्रप्रकाश तिवारी एवं रक्षित निरीक्षक नीलकंठ वर्मा के मार्गदर्शन मे 22 पौधे का पौधारोपण कर सुरक्षा जाली लगाकर उसे सहेजने का संकल्प लिया। इस दौरान ग्लोबल वार्मिंग की समस्या के विषय में चर्चा कर अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया। जिसमें सभी ने अपने जन्मदिन, दिवंगत जनों की याद में पौधे लगाने की भी बातें कही। पौधरोपण के दौरान मुख्य रूप से डीएसपी चंद्रप्रकाश तिवारी, आरआई नीलकंठ वर्मा, 2005 बैच से एएसआई गजानंद गौतम, प्रधान आरक्षक सुरेश ध्रुव, गौर सिंग वर्मा, जावेद खान, पुनम चंद, देवानंद साहू, सत्येंद्र मढरिया, सिद्धार्थ तिवारी, रोहित कर्माकर, मो. अहफ़ाज़ खान, बालकिशन यादव, आरक्षक जगजीत सिंग, दशरथ पटौदी, अनुप साहू, क्रांति शर्मा, खुर्शीद खुर्रम बक्स, और कमलेश देशमुख उपस्थित थे।

केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में मनाया संस्कृत सप्ताह

# संस्कृत में बच्चों ने गाया, सारे जहां से अच्छा गीत और श्लोक, संस्कृत को प्रमोट करने हुए विविध आयोजन

कार्नर न्यूज

भिलाई। केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रार्थना सभा के सभी कार्यक्रम संस्कृत में छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किए गए। कल्पना शर्मा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को अनेक संस्कृत भाषा की गतिविधियों से अवगत कराया जाएगा। विद्यालय में प्रदर्शनी का आयोजन भी होगा। जिसमें श्लोक तथा संस्कृत गीत प्रस्तुत किए जाएंगे। प्राचार्य उमाशंकर मिश्र, उप प्राचार्य पुष्पा बड़ा, मुख्य अध्यापक कमल सोनी द्वारा प्रतिभाशाली छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। संस्कृत भाषा में सारे जहां से अच्छा गीत चांदनी साहू, सुहानी, तनीषा जैन, ऐश्वर्या तारम, दक्षा गौतम, नारायणी, काव्या द्वारा प्रस्तुत किया गया।



### संस्कृत शिक्षक को मिला सोशल चैंपियन पुरस्कार

वर्थी वेलनेस फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा केंद्रीय विद्यालय के संस्कृत शिक्षक डॉ. अजय आर्य को सोशल चैंपियन पुरस्कार दिया गया है। उन्हें यह पुरस्कार उनकी निरंतर सामाजिक सेवा, 45 बार रक्तदान करने, 7 से अधिक पुस्तकें लिखने, प्रतिवर्ष सैकड़ों पेड़ लगाने और पूरे देश में प्रेरक व्याख्यानों के माध्यम से नैतिक और वैदिक मूल्यों को बढ़ावा देने में उनके समर्पित प्रयासों के लिए दिया गया है। विद्यालय परिवार एवं प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने उन्हें बधाई देते हुए प्रमाण पत्र हस्तांतरित किया।



### संस्कृत और भारतीय संस्कृति परस्पर जुड़े हुए हैंः उमाशंकर

इस अवसर पर प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने कहा कि संस्कृत भारत की संस्कृति के साथ जुड़ी हुई है। संस्कृत को जानकर व समझकर हम संस्कृति को आत्मसात कर सकते हैं। संस्कृत भाषा में नैतिक मूल्य संस्कार और सद्विचार समाविष्ट है। रामायण महाभारत आदि सभी ग्रंथ संस्कृत भाषा में ही लिखे गए थे। वर्तमान समय में यह भाषा प्रत्यक्ष रूप से लाभदायक भले ही दिखाई ना दे किंतु आत्म विकास के लिए यह भाषा सहायक है। इस अवसर पर डॉ अजय आर्य ने कहा कि संस्कृत और संस्कृति भारत की दो महान पहचान है। इन दोनों के बगैर भारत के अस्मिता की कल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए भारत के वैश्विक विकास एवं साझेदारी के साथ-साथ इन दोनों को सहेजना आवश्यक है।

ज्योतिष

## 365 दिन बाद गुरु ग्रह के कुबेर योग से 3 राशियां होगी मालामाल



ज्योतिष के अनुसार, देवगुरु बृहस्पति साल 2025 तक अपनी उच्च राशि में रहकर इन राशियों पर विशेष कृपा बरसेगी और हर क्षेत्र में सफलता मिलेगी। माना जाता है कि राजयोग व्यक्ति को धन और सुख-सौभाग्य प्राप्त होता है। ज्योतिष के अनुसार, ग्रहों के राशि परिवर्तनऔर नक्षत्र परिवर्तन के संयोग से कुंडली में कई राजयोग बनते हैं। माना जाता है कि राजयोग व्यक्ति को धन और सुख-सौभाग्य प्राप्त होता है। ऐसे में व्यक्ति को किसी चीज की कमी नहीं होती है। हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त होती है। भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होती है। समाज में पद-प्रतिष्ठा में प्राप्त होती है। आइए जानते हैं किन राशियों की खुलने वाली है किस्मत।

**मेष राशि :** मेष राशि के जातकों के लिए कुबेर योग काफी शुभ होगा। ऐसे में समाज में आपका नाम रौशन होगा। समाज में खूब मान-सम्मान प्राप्त होगा। आय के नए सोर्स बनेंगे। धन-धान्य का भंडार भरेगा। भौतिक सुख-सुविधाएं मिलेंगी। किसी भी चीज की कमी जीवन में नहीं होगी। लोकप्रियता बढ़ेगी। जीवन में खुशहाली आएगी।

**कर्क राशि :** कर्क राशि वालों के लिए कुबेर योग काफी फलने वाला है। नौकरी-व्यवसाय में जबरदस्त लाभ होगा। धन बचत के कई मौके मिलेंगे। विदेश यात्रा के योग बनेंगे। समाज में आपकी काफी तारीफ हो सकती है। आपके सभी सपने साकर होंगे। लग्जरी लाइफस्टाइल एन्जॉय करेंगे। आध्यात्मिक कार्यों में दिलचस्पी बढ़ेगी। गुरु उच्च राशि में रहकर आपको अकूत धन-संपत्ति के मालिक बन सकते हैं।

**सिंह राशि :** सिंह राशि वालों की किस्मत चमकने वाली है। हर कार्य में भाग्य का साथ मिलेगा। समाज में अलग पहचान मिलेंगी। करियर में बड़ी कामयाबी मिलेगी। कुबेर योग आपको अलग-अलग स्त्रोतों से धन प्राप्त कराएगा। जीवन में सुख-सुविधाएं भरपूर मिलेंगी। मेहनत करने से फल मिलेगा। पैसा कमाने से हुनर आ जाएगा। राजा जैसा जीवन गुजारेंगे।

## राहु-केतु की उल्टी चाल इन राशियों को कर देगी मालामाल



मायावी ग्रह राहु-केतु हमेशा उल्टी चाल में ही गोचर करते रहते हैं। राहु-केतु की शुभ दृष्टि से व्यक्ति की किस्मत चमक जाती है। ये दोनों ग्रह जब किसी जातक की कुंडली में होते हैं तकलीफों का कारण बन जाते हैं। वहीं, इनके शुभ होने पर सुख-संपदा में वृद्धि, कारोबार में तरक्की और जीवन में खुशियां रहती हैं। ज्योतिष के अनुसार, राहु-केतु अगले 9 महीने तक राशि परिवर्तन नहीं करेंगे। वहीं, इन दोनों ग्रहों की चाल 2025 तक कुछ राशियों के वरदान साबित होगी। ऐसे में केतु-राहु का गोचर कुछ राशियों के लिए चमत्कार से कम नहीं है। इन 4 राशियों की खुलने वाली है किस्मत। आइए जानते हैं कौन हैं ये 4 राशियां।

**वृश्चिक राशि :** वृश्चिक राशि वालों के लिए राहु और केतु का गोचर लाभदायक होगा। पारिवारिक समस्या धीरे-धीरे खत्म होने लगेगी। नौकरी के मामले में कलीग्स का सपोर्ट मिल सकता है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वालों छात्रों को शुभ समाचार प्राप्त होगा।

**सिंह राशि :** सिंह राशि के जातकों को करियर में कई मौके प्राप्त होंगे, जो आपके ग्रोथ में मदद करेंगे। व्यवसाय में लोगों को आर्थिक दिक्कतें दूर होंगी। भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। वहीं, संतान पक्ष भी मजबूत रहने वाला है।

**धनु राशि :** धनु राशि के लोगों के लिए राहु केतु का यह गोचर फायदेमंद साबित होगा। आर्थिक रुप से मजबूत रहेंगे। जीवन की तमाम मुश्किलें दूर होंगी और जीवनसाथी का साथ आपको मिलेगा। काम के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकती है। व्यवसाय करने वाले को धन के मामले में कोई शुभ समाचार मिलेगा।

**मेष राशि :** मेष राशि के जातको के लिए राहु-केतु का गोचर शुभ साबित होगा। आपके जीवन में चल रही सभी समस्याएं दूर हो जाएंगी। जीवन में कुछ बदलाव हो सकते हैं, जो काफी पॉजिटिव रहने वाले हैं। परिवार और जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय व्यतीत करेंगे। कहीं घूमने का प्लान बन सकता है।

बारिश और ठंड के दिनों में बढ़ने लगती है हाथ पैरों में दर्द और ऐंठन की समस्या

# हाथ-पैरों में दर्द और ऐंठन बनी रहती है, कैल्शियम और विटामिन डी से भरपूर चीजों का करें सेवन

शरीर में विटामिन डी और कैल्शियम की कमी होने से हाथ पैरों में दर्द और ऐंठन की समस्या बनी रहती है। ऐसे में खाने में इन दोनों विटामिन से भरपूर चीजें शामिल करें। जानिए हाथ-पैरों के दर्द को दूर करने के लिए क्या खाएं? बारिश और ठंड के दिनों में हाथ पैरों में दर्द और ऐंठन की समस्या बढ़ने लगती है। मौसम में नमी और ठंड गठिया के दर्द को भी बढ़ाते हैं। हालांकि कई बार शरीर में विटामिन डी और कैल्शियम की कमी होने पर भी दर्द तेज हो जाता है। कैल्शियम और विटामिन डी की कमी से हड्डियों में दर्द की समस्या बढ़ जाती है। कई बार ये दर्द इतना ज्यादा बढ़ जाता है कि काम करना और रात में सोना भी मुश्किल हो जाता है।



### फल और संतरा

संतरा भी काफी ज्यादा कैल्शियम और विटामिन डी पाया जाता है। इसलिए डाइट में रोजाना 1-2 संतरे जरूर शामिल करें। इसके अलावा दूसरे फलों के जूस भी फायदा करते हैं। जूस पीने से शरीर को ताकत मिलेगी और हड्डियां भी मजबूत होंगी।



### हरी पत्तेदार सब्जियां

खाने में हरी पत्तेदार सब्जियों को शामिल करें। इनसे शरीर को कैल्शियम, आयरन और विटामिन डी जैसे जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं। हड्डियों में दर्द की समस्या दूर होगी और शरीर को स्वस्थ रखने में भी मदद मिलेगी।

### सोयाबीन और अनाज

खाने में सोयाबीन से बने उत्पाद और साबुत अनाज की मात्रा बढ़ा दें। शाकाहारी लोगों के लिए ये दोनों चीजें कैल्शियम और विटामिन डी से भरपूर मानी जाती हैं। इसके अलावा ड्राईफ्रूट्स और सीड्स भी हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

### अंडा

खाने में अंडा जरूर शामिल करें। अंडे में भरपूर प्रोटीन, विटामिन बी12, कैल्शियम और विटामिन डी भी पाया जाता है। आपकी ओवरऑल हेल्थ के लिए भी अंडा फायदेमंद साबित होता है। आप डेली 1-2 अंडा खा सकते हैं। इससे शरीर के दर्द में काफी राहत मिलेगी।

### विटामिन डी और कैल्शियम से भरपूर आहार

दूध और दूसरे डेयरी उत्पाद- शरीर को स्वस्थ रखने के लिए दूध को अच्छा माना जाता है। दूध में भरपूर मात्रा में कैल्शियम और विटामिन डी पाया जाता है। खासतौर से गाय के दूध में विटामिन डी की मात्रा ज्यादा होती है। आप डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दही, पनीर और चीज का भी उपयोग कर सकते हैं। इससे शरीर में विटामिन डी और कैल्शियम की कमी पूरी होगी।




## विटामिन बी12 की कमी से शरीर ही नहीं, दिमाग भी कमजोर हो जाता है

अगर शरीर को जरुरी पोषक तत्व न मिले तो शरीर एकदम से सुखने लगता है। विटामिन बी12 हमारी बॉडी के लिए आवश्यक पोषक तत्व है, जो शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक हेल्थ के लिए भी आवश्यक है। अगर आपके शरीर मे विटामिन बी12 कमी हुई तो यह नर्वस सिस्टम और ब्रेन फंक्शन में गिरावट हो सकती है जिसके चलते आपको कमजोरी, थकान, मेमोरी लॉस और डिप्रेशन जैसे लक्षण उत्पन्न हो सकते हैं। विटामिन बी12 की कमी का खतरा सबसे ज्यादा शाकाहारी होता है। वो इसलिए यह विटामिन आमतौर पर पशु के उत्पादों में पाया जाता है। लेकिन आप शाकाहारी फूड्स का सेवन करने से विटामिन बी12 की कमी से बच सकते हैं।

### क्या काम करता है विटामिन-12

विटामिन बी12 शरीर के लिए सबसे जरुरी पोषक तत्व है। विटामिन बी 12 शरीर में कई मुख्य कार्य करता है जैसे कि रेड ब्लड सेल्स का निर्माण, नर्वस सिस्टम को हेल्दी रखना और डीएनए का निर्माण करने में मदद। आइए जानते हैं विटामिन बी12 की कमी को दूर करने के लिए किन फूड्स का सेवन करना चाहिए।

### दूध और दूध से बनीं चीजें खाएं

अगर आप रोजाना दूध का सेवन करते हैं और इसके विभिन्न चीजें जैसे दही, पनीर और छाछ विटामिन बी12 के अच्छे स्त्रोत होते हैं। अगर आप इनका लगातर सेवन करते हैं तो आप अपने शरीर से विटामिन बी12 की कमी को पूरा कर सकते हैं।

### फोर्टिफाइड अनाज

फोर्टिफाइड अनाज वो है जिनमें एक्स्ट्रा विटामिन और मिनिरल्स होते हैं। ऐसे में अनाजों में विटामिन बी12 भी शामिल होता है। मार्केट में कई सारे प्रोडक्ट उपलब्ध है जिनमें फोर्टिफाइड अनाज विटामिन बी12 से रिच होते हैं और जो लोग शाकाहारी है उनके लिए सबसे बेहतर ऑप्शन है। रोजाना आप नाशते में फोर्टिफाइड अनाज का सेवन कर सकते हैं।



### सोया प्रोडक्ट्स

दरअसल, सोया दूध और टोफू में विटामिन बी12 के अच्छे सोर्स पाए जाते है। जो लोग शाकाहारी और वेगन है उनके लिए सोया प्रोडक्ट्स सबसे बेहतर विकल्प है। सोया से बने हुए उत्पादों का सेवन करने से शरीर में विटामिन बी12 की कमी दूर किया जा सकता है।

### न्यूट्रिशनल यीस्ट

बता दें कि, न्यूट्रिशनल यीस्ट एक फूड सप्लिमेंट है, इसका सेवन करने से विटामिन बी12 की कमी को दूर किया जाता है। यह स्वाद में एकदम चीज जैसा होता है। इसे आप सलाद , पास्ता या अन्य व्यंजनों में मिलाकर खाया जा सकता है। सलाद पास्ता में आप न्यूट्रिशनल यीस्ट का मिलाकर आराम से खा सकते हैं। इसके सेवन से कभी भी विटामिन बी12 की कमी नहीं होगी।

## बदलते मौसम में पड़ रहे बीमार, तो खाएं ये चीजें, इम्यूनिटी होगी बूस्ट

मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। बरसाती मौसम में सेहत का ख्याल रखना जरूरी है। इस मौसम में सर्दी, खांसी, बुखार होना लाजमी है। ऐसे में शरीर की इम्यूनिटी बूस्ट करने की जरूरत होती है। इसके लिए खान-पान में खास ध्यान देने की जरूरत है। कुछ जरूरी चीजें ऐसी हैं जिसे खाकर आपकी इम्यूनिटी बूस्ट हो सकती है

### दाल, अरबी, भिंडी, तुरई, लौकी का करें सेवन

- दाल खाने से इम्यूनिटी स्ट्रॉन्ग होती है। इसमें भरपूर फाइबर और प्रोटीन होता है। इसमें विटामिन ए, बी, सी, ई सहित पोटैशियम, आयरन, कैल्शियम की प्रचुर मात्रा होती है। बरसात में अरबी, भिंडी के अलावा तुरई, लौकी और टिंडा खाना चाहिए। इन सब्जियों को खाने से पाचन बेहतर होता है। यह पौष्टिक गुणों से भरपूर होता है।

### नीबू- आंवला, शहद, अदरक बेहद लाभदायक

आंवला-नीबू में विटामिन सी की मात्रा होती है, जो बीमारियों से लड़ने की क्षमता देते हैं। इसे खाने से हड्डियां मजबूत होती हैं। इसके साथ ही स्किन भी साइन करती है। शहद, अदरक, तुलसी के पत्ते में एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा भरपूर होती है। इसको खाने से भी इम्यूनिटी बूस्ट होती है।



**ड्राई फ्रूट्स :** ड्राई फ्रूट्स यानि अखरोट, बादाम, काजू, किशमिश आदि खाने से इम्यूनिटी बढ़ती है। ड्राई फ्रूट्स में पोटेशियम और फाइबर भरपूर मात्रा में होते हैं, जो हमारे ब्लड प्रेशर को नियंत्रित और दिल को स्वस्थ रखने के काम आते हैं। सूखे मेवे खाने से शरीर स्वस्थ रहता है।

### मौसमी फल पौष्टिकता से भरपूर

डॉक्टर सीजनल फल खाने की सलाह देते हैं. आप सेब, पपीता, केला, अनार जैसे फलों को खा सकते हैं। फ्रीज में या खुले में काटकर रखे फल नहीं खाने चाहिए क्योंकि बरसात में बैक्टिरिया पनपता है। इससे बीमारी हो सकती है। इसके अलावा आंवला, मौसमी, अमरूद जैसे फलों में पोटेशियम और फाइबर की भरपूर मात्रा होती है। जिनमें बीमारियों से लड़ने की क्षमता है।

## पोंछा लगाते समय पानी में मिला दें ये चीजें घर से गायब हो जाएंगे चीटियां और कॉकरोच

फर्श की सफाई करना इतना भी मुश्किल नहीं होता है लेकिन कई बार अच्छे से सफाई करने के बाद भी घर में कॉकरोच और चीटियां रेंगते नजर आते हैं। हालांकि अगर आपके घर में छोटा बच्चा है, तो घर की फर्श पर चीटियों का चलना आम बात है क्योंकि बच्चे खाने के चीजें घर में यहां-वहां गिराते रहते हैं। अगर आपके घर में बच्चे नहीं हैं और इसके बाद भी घर की फर्श पर चीटियां और कॉकरोच नजर आते हैं, तो हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताने जा रहे हैं, जिनको आप पोंछा के पानी में मिलाकर लगाते हैं, तो बच्चों के यहां-वहां खाना गिराने के बाद भी फर्श पर चीटियां और कॉकरोच नहीं नजर आएंगे।



**काली मिर्च पाउडर :** आपको बता दें कि चीटियों को काली मिर्च की महक पसंद नहीं होती है। ऐसे में अगर आप किसी कोने पर चीटियों को देखते हैं और उस जगह पर काली मिर्च पाउडर डालते हैं, तो वहां से चीटियां भागने लगती हैं। अगर आप पानी के पोंछे में काली मिर्च पाउडर मिलाकर पोंछा लगाती हैं, तो इसकी महक से चीटियां और कॉकरोच नहीं आएंगे।

**डिटॉल :** इसके अलावा चीटियों और कॉकरोच को डिटॉल की महक भी पसंद नहीं होती है। इसलिए रोजाना पोछा लगाने से पहले पानी में एक ढक्कन डिटॉल मिलाकर पोछा लगाने से न सिर्फ चीटियां और कॉकरोच बल्कि कीटाणू भी घर से दूर रहेंगे। वहीं अगर आपके घर में छोटे बच्चे हैं, तो आपको पानी में डिटॉल डालकर पोंछा जरूर लगाना चाहिए।

**नमक और नींबू :** चीटियों और कॉकरोच से छुटकारा पाने के लिए आप 1 कप पानी में नींबू का रस और नमक मिलाकर कर स्प्रे बना लें। फिर पोछा लगाने के बाद इस स्प्रे को घर की दीवारों और दरवाजों के किनारों पर मार दें। चीटियां और कॉकरोच इन्हीं जगहों से निकलते हैं। ऐसे में यह स्प्रे करने से चीटियां और कॉकरोच बाहर नहीं आएंगे।

**बेकिंग सोडा और सिरका :** पोछा लगाने से पहले पानी में 1 चम्मच सिरका और उतनी ही बेकिंग सोडा मिला लें। फिर इस पोछे वाले पानी में बर्तन धोने वाला कोई लिक्विड मिलाकर पोछा लगाएं। इससे भी आपके घर में चीटियां और कॉकरोच नहीं आएंगे।


कार्नर न्यूज

सुबह नाश्ता हमारे दिन का पहला और सबसे जरूरी मील है

# नाश्ते में भूलकर भी न खाएं ये चीजें, सेहत के लिए हैं जहर समान, कई बीमारियों को देती हैं न्योता

सुबह नाश्तें में हेल्दी चीजें खाने की सलाह दी जाती है, लेकिन ज्यादातर लोग ब्रेकफास्ट के साथ ही गलत खाने की शुरुआत कर देते हैं। कुछ ऐसी चीजें हैं जो नाश्ते में खाने से पेट के लिए जहर का काम करती हैं। इन चीजों को भूलकर भी नहीं खाना चाहिए। सुबह नाश्ता हमारे दिन का पहला और सबसे जरूरी मील है। नाश्ते में हेल्दी चीजें शामिल करने की सलाह दी जाती है। हालांकि हर हेल्दी चीज सुबह खाली पेट फायदे करे ये भी जरूरी नहीं है। आपको ये पता होना चाहिए कि नाश्ते में क्या खाना चाहिए और किन चीजों से बचना चाहिए। एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के पति डॉ. नेने, जो हार्ट, फेफड़े, अन्नप्रणाली और टेस्ट के सर्जन हैं वो अक्सर सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते रहते हैं। डॉ नेने लोगों के साथ लाइफस्टाइल और डाइट से जुड़ी जानकारी शेयर करते हैं। एक वीडियो में डॉक्टर नेने ऐसी चीजों के बारे में बताया है जो नाश्ते में नहीं खानी चाहिए।





### सफेद ब्रेड

ज्यादातर लोग नाश्ते में सफेद ब्रेड और बटर खाते हैं, जो सेहत के लिए बहुत ही हानिकारक हैं। सफेद ब्रेड मैदा से बनी होती है और लो क्वालिटी के कार्बL के साथ इन्हें प्रोसेस किया जाता है। व्हाइट ब्रेड खाने से ब्लड शुगर बढ़ने का खतरा रहता है। ये ब्रेड मोटापा बढ़ाती हैं और हार्ट संबंधी बीमारियों का खतरा पैदा करती हैं। अगर आप भी ब्रेड खाते हैं तो तुरंत बंद कर दें।

### फलों का जूस

कुछ लोग नाश्ते में जूस पीना हेल्दी मानते हैं। जूस सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं लेकिन नाश्ते में फलों का जूस पीने से ब्लड शुगर बढ़ सकता है। जूस में फाइबर और दूसरे पोषक नष्ट हो जाते हैं जिससे भरपूर फायदा नहीं मिल पाता है। इन जूस में स्वीटनेस ज्यादा होती है जिससे वजन बढ़ता है। इसकी जगह आप फलों का सेवन करें।

### मीठा दही

पराठे के साथ दही या फिर नाश्ते में कुछ लोग लस्सी या मीठा दही खाते हैं। इससे शरीर में शुगर की मात्रा बढ़ सकती है। रोजाना नाश्ते में मीठा दही खाने से डायबिटीज का खतरा बढ़ सकता है। इससे मोटापा भी बढ़ता है जो कई जोखिमों को पैदा करता है। इसलिए नाश्ते में मीठा दही नहीं खाना चाहिए।



### प्रोसेस्ड मीट-

ब्रेकफास्ट में प्रोसेस्ड मीट बिल्कुल भी नहीं खाना चाहिए। इससे पेट और कोलोरेक्टल कैंसर का रिस्क बढ़ जाता है। प्रोसेस्ड मीट हाई बीपी और शुगर की समस्या को जन्म दे सकता है। इसलिए नाश्ते में प्रोसेस्ड मीट का सेवन नहीं करना चाहिए।

### मीठा अनाज

कुछ लोग नाश्ते में सीरियल्स या फिर स्वीट ग्रेन से बनी चीजें शामिल करते हैं। इससे शरीर में ज्यादा कार्बोहाइड्रेट पहुंचता है जिससे भूख और बीपी दोनों बढ़ने का खतरा रहता है। इस तरह के खाने से लॉन्ग टाइम में डायबिटीज और हार्ट की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# 'ब्लिंक ट्वाइस' और 'क्रो' पर भी भारी पड़ी 'डेडपूल 3'



**लॉस एंजिल्स।** ह्यू जैकमैन और रेयॉन रेनॉल्ड की फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' ने पांचवे सप्ताह में भी वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाया हुआ है। ये फिल्म अपनी रिलीज के पांचवे सप्ताहांत में एक बार फिर बॉक्स ऑफिस चार्च के टॉप पर लौट आई है। मार्वल के इस सुपरहीरो वाली फिल्म ने शीर्ष स्थान हासिल करते हुए बाकी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है, क्योंकि इसे दो नई फिल्में 'द क्रो' और 'ब्लिंक ट्वाइस' से प्रतिस्पर्धा मिलनी थी, जो अपने पहले प्रदर्शन में असफल साबित हुए। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर निर्देशक जो क्राविट्ज की थ्रिलर 'ब्लिंक ट्वाइस' नई रिलीज फिल्मों में सबसे आगे रही। फिल्म ने 3,067 सिनेमाघरों से 7.3 मिलियन डॉलर की कमाई की। इस फिल्म ने चौथा स्थान हासिल किया। वहीं, लायंसगेट की "द क्रो" की आर-रेटेड रीबूट, जिसमें बिल स्कार्सगार्ड के किरदार को खुद और अपनी मंगेतर की मौत का बदला लेने के लिए पुनर्जीवित किया जाता है। इस फिल्म ने 2,752 सिनेमाघरों से 4.6 मिलियन डॉलर की कमाई की। ये फिल्म आठवें स्थान पर रही। 'द क्रो' की तुलना में 'ब्लिंक ट्वाइस' को आलोचकों ने ज्यादा पसंद किया।

### टॉलीवुड

# मीनू मुनीर ने सुनाई सेट पर हुए अत्याचार की खौफनाक आपबीती



**नई दिल्ली।** मॉलीवुड यानी मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में ऐसे चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं, जिसे जानकर आपके पैरों तले जमीन खिसक जाएगी। अब एक्ट्रेस मीनू मुनीर भी इस लिस्ट में शामिल हो गई हैं, जिन्होंने फेसबुक पोस्ट के जरिए दावा किया है कि मुकेश, मनियानपिला राजू, इदावेला बाबू और जयसूर्या ने साल 2013 के एक फिल्म प्रोजेक्ट के सेट पर उनके साथ फिजिकली और वर्बली (मौखिक रूप से) दुर्व्यवहार किया था। उन्होंने इस घटना में कुछ प्रोडक्शन कंट्रोलर्स का भी नाम उजागर किया है। मीनू मुनीर ने हाल ही में फेसबुक पर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट शेयर किया है। वो लिखती हैं, 'मैं मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में मुकेश, मनियानपिला राजू, इदावेला बाबू, जयसूर्या, एडवोकेट चंद्रशेखरन, प्रोडक्शन कंट्रोलर नोबल और विचू के हाथों शारीरिक और मौखिक दुर्व्यवहार की कई घटनाओं की रिपोर्ट लिख रही हूं।' एक्ट्रेस ने दावा किया, 'साल 2013 में एक प्रोजेक्ट पर काम करते समय मुझे इन व्यक्तियों द्वारा शारीरिक और मौखिक दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा। मैंने सहयोग करने और काम जारी रखने की कोशिश की, लेकिन दुर्व्यवहार असहनीय हो गया। इस वजह से मुझे मलयालम फिल्म इंडस्ट्री छोड़ने और चेन्नई में शिफ्ट होने के लिए मजबूर होना पड़ा। मीनू मुनीर ने ये भी बताया कि उन्होंने अपने साथ हुई घटना को लेकर आवाज भी उठाई थी। वो लिखती हैं, 'मैंने एक न्यूज पेपर के आर्टिकल में दुर्व्यवहार के खिलाफ आवाज उठाई थी। अब मैं सदमे और पीड़ा के लिए न्याय और जवाबदेही की मांग कर रही हूं, जिसे मैंने सहा है।

### भोजपुरी

# पवन के साथ रोमांस करेंगी आस्था रिलीज हो रही है 'सूर्यवंशम'



**नई दिल्ली।** पावर स्टार पवन सिंह की फिल्म 'सूर्यवंशम' 30 अगस्त को पूरे भारत में रिलीज होने जा रही है। यशी फिल्म्स (अभय सिन्हा) और रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म को निशांत उज्जवल ने बनाया है। रिलीज का ऐलान करते हुए निर्माता निशांत उज्जवल ने दर्शकों से अपील की कि वे इस फिल्म को अपने परिवार के साथ सिनेमा घरों में जाकर देखें। उन्होंने कहा कि सिनेमा हॉल में फिल्म देखने का जो अनुभव मिलेगा, वह टीवी या यूट्यूब पर नहीं मिल सकता। उन्होंने फिल्म को लेकर कहा कि फिल्म का ट्रेलर पहले ही वायरल हो चुका है और अब दर्शकों के इंतजार की घडी खत्म होने वाली है। उन्होंने इसे एक बेहद खास फिल्म बताया है, जो दर्शकों को एक रोमांचक और भावनात्मक सफर पर ले जाएगी। इस फिल्म के जरिए पवन सिंह एक बार फिर से अपने फैन्स को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं। फिल्म से जुड़े सभी कलाकार और तकनीकी टीम ने इसे एक बड़ी सफलता बनाने के लिए पूरी मेहनत की है, और अब दर्शकों के हाथ में है कि वे इसे कितना पसंद करते हैं। पवन सिंह ने कहा कि यह बेहद खूबसूरत फिल्म है। और हाल दे दिनों में रिलीज हुई मेरी बेहतरीन फिल्मों में से यह एक है। फिल्म के निर्देशक रजनीश मिश्रा और छोटे भाई समान निर्माता निशांत उज्जवल ने एक खूबसूरत फिल्म बनाई है। इस फिल्म में दर्शकों के मनोरंजन का पूरा ख्याल रखा गया है। गौरतलब है की फिल्म के गाने यूट्यूब में टॉप ट्रेंडिंग में शामिल हो चुके हैं। फिल्म के कई गाने दर्शकों को खूब पसंद आ रहे हैं को भारत के सभी सिंगल थिएटर में प्रदर्शित किए जाएंगे।

## लाइफ स्टाइल

# ग्रीन आउटफिट्स, सिंपल एंड सोबर



महिलाओं के प्रमुख त्योहारों में से एक हरतालिका तीज 6 सितंबर को मनाया जाएगा। वैसे तो इस त्यौहार में महिलाएं व युवतियां सज-धजकर अपना जलवा बिखेरती हैं लेकिन इस दिन हरे कपड़े पहनने का चलन ज्यादा होने से वे जमकर खरीददारी कर रहीं हैं। दरअसल, हरे रंग को अखंड सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है और इसे पूजा के दौरान पहनना बहुत शुभ होता है। अगर आप अभी तक डिसाइड नहीं कर पा रहीं हैं कि आपको तीजा पर इस बार क्या पहनना है, तो आप ग्रीन आउटफिट्स पहनकर सिंपल एंड सोबर लग सकती हैं। इस बार आप तीजा पर एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना की हरी साड़ी वाला लुक अपना सकती हैं। मनमोहक सुनहरे फूलों की कढ़ाई से सजी यह शानदार साड़ी आपको भी शानदार लुक दे सकती है।

# स्टाइलिश लुक पाने त्यौहारों में पहनें ऐसी साड़ियां, लगेंगी खूबसूरत

### फैशन



साड़ी एक ऐसा आउटफिट है, जिसका चलन कभी आउट ऑफ फैशन नहीं होता है। ऑनलाइन से लेकर ऑफलाइन मार्केट में आपको कई तरीके के डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। आजकल लोग सेलिब्रिटीज के लुक्स को फॉलो करते हैं। वहीं इस समय त्यौहारों का समय चल रहा है। ऐसे में अगर आप भी सेलिब्रिटीज के लुक्स को फॉलो करती हैं, तो बता दें कि इन दिनों टीवी अभिनेत्री श्वेता तिवारी के साड़ी लुक्स को बेहद पसंद किए जा रहे हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको श्वेता तिवारी द्वारा पहनी गई साड़ी के नए डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं, साथ ही इनको स्टाइल करने के आसान टिप्स के बारे में भी बताएंगे।

**रेड साड़ी :** एवरग्रीन फैशन में रेड कलर को पसंद किया जाता है। रेड कलर की साड़ी आप सावन व्रत में भी पहन सकती हैं। इसक कलर की साड़ी के साथ आप ग्रीन, ब्लैक या फिर येलो कलर का स्लीवलेस ब्लाउज कैरी कर सकती हैं। वहीं आप चाहें तो रेड कलर के ब्लाउज के साथ खुद को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी के साथ आपको ग्रीन कलर की ज्वैलरी कैरी करनी चाहिए।

**हैवी साड़ी :** अगर आपकी नई-नई साड़ी हुई है, तो आप सावन के मौके पर चौड़े बॉर्डर वाली हैवी साड़ी पहन सकती हैं। बता दें कि इस तरह की चौड़े बॉर्डर वर्क वाली साड़ी छोटे ब्रेस्ट साइज वालों पर बेस्ट लुक देने का काम करती है। मार्केट में आपको इस तरह की जॉर्जेट की साड़ी 3000 रुपए तक में आसानी से मिल जाएगी। इस साड़ी में आप बालों का जुड़ा बनाएं और गजरे को एक्सेसरी की तरह इस्तेमाल करें।



**मॉडर्न स्टाइल साड़ी :** आजकल मॉडर्न डिजाइन की साड़ी काफी चलन में है। इसके बॉर्डर पर बने डिजाइन और ब्लैक कलर आपके लुक को स्टाइलिश बनाएंगे। इस तरह की साड़ी के साथ आप ब्लैक कलर के टॉप या सीक्वेन ब्लाउज कैरी कर सकती हैं। वहीं अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए वेस्टर्न स्टाइल ब्लैक मोती इयररिंग्स कैरी करें।

# फटे होंठों पर लगानी चाहिए इस तरह की लिपस्टिक, जानिए लिप केयर के ये टिप्स

हर महिला और लड़की को मेकअप करना बेहद पसंद होता है। हालांकि रोजाना कोई हैवी मेकअप नहीं करता है। वहीं बदलते ब्यूटी ट्रेंड में आपको कई तरह के प्रोडक्ट्स देखने को मिलते हैं। वहीं अगर हम रोजाना मेकअप नहीं भी करते हैं, तो लिपस्टिक लगाना जरूर पसंद करते हैं। मौसम बदलने या सही तरीके से लिप केयर रूटीन फॉलो नहीं करते हैं, तो आपके होंठ फटने लगते हैं। आमतौर पर होंठ फटने के कई कारण हो सकते हैं। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि फटे होंठों पर किस तरह लिपस्टिक लगानी चाहिए।

### क्यों फटते हैं होंठ

अधिकतर मौसम बदलने के कारण होंठ फटने लगते हैं। ऐसे में हमें रोजाना लिप केयर रूटीन फॉलो करना चाहिए। साथ ही होंठों को सही तरीके और सही मात्रा में पोषण देना चाहिए। ड्राईनेस और होंठों की त्वचा में नमी का कम होना होंठों के फटने का एकमात्र कारण हो सकता है।



### फटे होंठों की ऐसे करें देखभाल

होंठों की देखभाल करने के लिए रोजाना लिप केयर रूटीन फॉलो करना चाहिए। इसलिए आप रोजाना दिन में 3-4 बार लिप बाम लगा सकते हैं। होंठों की डेड स्किन को हटाने के लिए आप लिप स्क्रब का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। एक्स्ट्रा लिप केयर के लिए रोजाना होंठों पर रात को सोने से पहले लिप ऑयल अप्लाई कर सकती हैं।

### किस तरह लगाएं लिपस्टिक

बता दें कि फटे हुए होंठों पर लिपस्टि लगाने के लिए सबसे पहले लिप को अच्छे से मॉइस्चराइज करें। फिर किसी ऐसी लिपस्टिक का इस्तेमाल करें, जिसमें पहले से ऑयल मौजूद हो। बाजार में आपको कई सारे ब्रांड्स के नारियल के तेल और विटामिन-ई एक्सट्रेक्ट वाले लिपस्टिक शेड्स मिल जाएंगे। अगर आपके होंठ फटे रहते हैं, तो आप मैट लिपस्टिक का इस्तेमाल न करें, बल्कि ग्लॉसी लुक वाली लिपस्टिक का इस्तेमाल करें।

# पैरों की सुंदरता के लिए रोजाना करें बस ये काम, ऐसे करें फुट की केयर

जैसे चेहरे की सुंदरता का ख्याल रखा जाता है, ठीक वैसे ही पैरों को सुंदर रखना भी बेहद जरुरी है। इस लेख में हम आपको बताएंगे किस तरह से आप अपने पैरों की केयर कर सकते हैं। इन टिप्स को आप जरुर फॉलो करें। जिस तरह से स्किन केयर रुटीन को फॉलो करके आप सभी निखरी त्वचा पाते हैं, ठीक वैसे ही पैरों की केयर करना जरुरी है। आमतौर पर बहुत ही कम लोग अपने पैरों का ख्याल रखते हैं। पैरों की अच्छी तरह से केयर नहीं करने पर इनकी सुंदरता कम हो जाती है। अक्सर महिलाएं चेहरे को सुंदर बनाएं रखने के लिए कई महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स का यूज करती हैं लेकिन पैरों की सही तरह से देखभाल नहीं करती हैं। इस वजह से पैर बदसूरत दिखने लगते हैं। आपको कुछ टिप्स जानना जरूरी है जिन्हें आप नहाने से पहले कर सकते हैं।



### पैरों को करें पेडिक्योर

पैरों की खूबसूरती बनाएं रखने के लिए पेडिक्योर जरुर करें। पैरों को पेडिक्योर करने से पैरों की त्वचा के डेड सेल्स निकल जाते हैं और इस तरह पैरों की त्वचा खूबसूरत नजर आएंगी।

ऐसे करें पेडिक्योर

- एक बाल्टी में गर्म पानी लें।
- पानी में शैंपू डालें।
- इसके बाद बाल्टी पैर डालें।
- 10 मिनट बाद पैरों को साफ कर लें।
- इस उपाय को आप रोजाना नहाने से पहले कर सकते हैं।

### स्क्रब का यूज करें

स्क्रब के इस्तेमाल से पैरों में जमा कालापन साफ हो जाता है और पैर सुंदर नजर आते हैं। वहीं, पैरों की सुंदरता बनाए रखने के लिए रोजाना पैरों को स्क्रब करें।

# साड़ी या सूट के साथ कैरी करें ये झुमकी डिजाइंस, मिलेगा क्लासी लुक

हर महिला को सजना-संवरना काफी ज्यादा पसंद होता है। खासकर तीज-त्योहार के मौके पर महिलाएं श्रृंगार करने में कोई कमी नहीं छोड़ती हैं। त्यौहारी सीजन में महिलाएं अधिकतर रंग-बिरंगी साड़ियां या सूट पहनती हैं। जिनके साथ एक्सेसरीज कैरी करना बेहद जरूरी होता है। हम आपको झुमकी के लेटेस्ट डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको आप हरे सूट या साड़ी के साथ कैरी कर सकती हैं।

जिससे कि अपने लुक को परफेक्ट बनाया जा सके। सूट या साड़ी के साथ आप कंट्रास्ट या मैचिंग के इयररिंग्स पहन सकती हैं।

**कुंदन झुमकी डिजाइन :** रॉयल और क्लासी लुक पाने के लिए आप हरे रंग की साड़ी या सूट के साथ कुंदन झुमकी डिजाइन ट्राई कर सकती हैं। यह साड़ी



और सूट दोनों के साथ ही काफी अच्छी लगेंगी। वहीं कुंदन झुमकी लाल साड़ी के साथ भी परफेक्ट लगती हैं। कुंदन वर्क वाले इयररिंग्स थोड़ी कॉस्टली हो सकते हैं, लेकिन यह आपको एलीगेंट लुक देने का काम करेंगी। इसके साथ गले में पहनना अवॉइड करें। मार्केट में आपको कुंदन झुमकी के कई डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगे।

**मीनाकारी झुमकी इयररिंग डिजाइन :** आपको बता दें कि इस तरह के इयररिंग्स देखने में काफी ज्यादा खूबसूरत लगते हैं। आमतौर पर इसमें प्रकृति से जुड़े डिजाइंस होते हैं। ये डिजाइन पत्ती की शेप में है। अगर आप सूट या साड़ी के साथ लाइट वेट वाली झुमकी कैरी करना चाहती हैं, तो आपको मीनाकारी झुमकी जरूर ट्राई करना चाहिए। मार्केट में आपको इस डिजाइन के इयररिंग्स 100-200 रुपए तक में आराम से मिल जाएंगे। इसके साथ आप विंग्ड आईलाइनर, मेसी बन और मिनिमल मेकअप के साथ अपने लुक को पूरा करें।

**चांदबाली झुमकी डिजाइन :** हरी साड़ी या सूट के साथ आप चांदबाली झुमकी स्टाइल कर सकती हैं। वैसे तो यह हर फेस टाइप पर अच्छे लगते हैं। गोल चेहरे पर चांदबाली इयररिंग्स लाजवाब लगेंगे। ऐसे में अगर आप सिंपल झुमकी के साथ एक्सपेरिमेंट करना चाहती हैं, तो आप चांदबाली इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में इससे मिलते-जुलते इयररिंग्स 100-200 रुपए तक में मिल जाएंगे।

## कार्नर न्यूज

### स्लिम लुक और बॉडी शेप को भी परफेक्ट शेप में दिखाएंगी

# सूट और साड़ी में पाना चाहती हैं मॉर्डन लुक तो ट्राई करें ये नेकलाइन, परफेक्ट आएगी फिटिंग

*आज के जमाने में हर कोई खूबसूरत और स्टाइलिश दिखना चाहता है। लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए सही स्टाइलिंग अहम रोल निभाता है। फैशन के इस बदलते दौर में बॉडी शेप के हिसाब से स्टाइलिंग करना जरूरी होता है। जिससे कि आपका लुक स्टाइलिश दिखे। सूट और साड़ी व सभी तरह के आउटफिट्स में नेकलाइन के कई डिजाइन होते हैं लेकिन नेकलाइन चुनने के दौरान अपनी गर्दन की शेप का खास ख्याल रखना चाहिए ताकि आप जो भी आउटफिट पहनें वह आप पर सूट करे। कुछ ऐसी नेकलाइन्स के बारे में आपको जानना जरूरी है जो आपको स्लिम लुक देने में मदद करेंगी और आपके बॉडी शेप को भी परफेक्ट शेप में दिखाएंगी। तो आइए जानते हैं इन लुक्स को स्टाइल करने के ईजी टिप्स...*



**स्वीटहार्ट नेकलाइन :** इस तरह की नेकलाइन हमेशा फैशन में रहती है। आप इसमें थोड़ा डीप नेकलाइन चुनें। इससे आपका ब्रेस्ट साइज शेप में नजर आएगा और आपकी बॉडी को भी परफेक्ट शेप मिलेगा। इस बात का ध्यान रखना है कि इस तरह की नेकलाइन की फिटिंग लूज न हो।

**स्क्वायर नेकलाइन :** अगर आप भी अपने लुक को सिंपल और एलिगेंट बनाना चाहती हैं, तो स्क्वायर नेकलाइन वाला ब्लाउज या सूट



बनवा सकती हैं। इस तरह के नेकलाइन के साथ आप ज्वेलरी में चोकर सेट और मैचिंग स्टड्स कैरी करें। इस तरह की नेकलाइन आप लहंगे से लेकर साड़ी तक में पहन सकती हैं। साथ ही यह आपके कंधों को भी सही शेप देगा।

**राउंड नेकलाइन :** बता दें कि राउंड नेकलाइन सबसे ज्यादा सिंपल और सबसे ज्यादा पहनी जाने वाली नेकलाइन है। अगर आपकी बाजू हैवी है, तो इस तरह की नेकलाइन में फुल स्लीव्स बनवाएं। या फिर इस तरह की नेकलाइन के साथ आप नूडल स्ट्रैप या प्लेन मीडियम चौड़ी पट्टी स्ट्रैप भी बनवा सकती हैं।

**वी-नेकलाइन डिजाइन :** आपको कई डिजाइन और लेंथ की नेकलाइन वी-शेप में देखने को मिलेगी। परफेक्ट और स्लिम लुक पाने के लिए आप डीप वी-नेकलाइन को चुन सकती हैं। इसकी चौड़ाई कम रखें, इससे आपको परफेक्ट बॉडी शेप मिलेगा।